02 नवंबर, 2024
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 15

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज आयेंगे रांची, कल करेंगे सभा

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को रांची आ रहे हैं। वह प्रदेश भाजपा के नेताओं और विधानसभा सभा प्रभारियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा भी मौजूद रहेंगे। वह रांची में ही रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद रविवार को शाह सिमरिया, बरकट्ठा और घाटशिला जायेंगे। इन तीनों जगहों पर जनसभा को संबोधित करेंगे।

### अक्टूबर में जीएसटी से 1.87 लाख करोड़ रुपये जुटाये

नयी दिल्ली। सरकार ने अक्टूबर 2024 में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से 1.87 लाख करोड़ रुपये जुटाये हैं। सालाना आधार पर इसमें 9% की बढ़ोतरी हुई है। एक साल पहले यानी अक्टूबर 2023 में सरकार ने 1.72 लाख करोड़ रुपए जीएसटी जुटाये थे। ग्रॉस टैक्स कलेक्शन के लिहाज से यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा कलेक्शन है।

भाजपा चुनाव सह प्रभारी ने कोडरमा के लोगों से किया वादा

# सरकार बनने पर ढिबरा कारोबार चालू होगा: हिमंता

- हेमंत सरकार पर साधा निशाना, आलमगीर और इरफान पर बरसे

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** भाजपा प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने कहा है कि भाजपा की सरकार बनने के बाद कोडरमा में कारखाने खोलकर लोगों को रोजगार दिया जायेगा। ढिबरा कारोबार को पूरी तरह से चालू किया जायेगा। जिस तरह से इस सरकार ने कोडरमा में ढिबरा, पत्थर, क्रशर को बर्बाद कर लोगों को बेरोजगार किया है, उन्हें हम पुनः रोजगार देने का काम करेंगे। हिमंता शुक्रवार को मरकच्चो में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। सभा में उन्होंने एक बार फिर हेमंत सरकार पर निशाना साधा। वह धुसपैठ को लेकर बरसे, तो इरफान अंसारी और आलमगीर आलम को भी कठघरे में घड़ा किया। साथ ही भाजपा के पांच प्रण की चर्चा करते हुए सरकार बनने पर पहली कैबिनेट में उन्हें पूरा करने का वादा किया।

**झामुमो तुष्टिकरण की राजनीति करती है:** सरमा ने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के लिए झामुमो की सरकार ने केवल घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के हित में काम किया है। जब भाजपा की सरकार बनेगी, तो हम लात मार कर घुसपैठियों को राज्य से बाहर निकालेंगे। पूरे राज्य में अपने वोट बैंक के लिए हेमंत सरकार ने घुसपैठियों को बसाया है। उन्होंने कहा कि झामुमो और कांग्रेस को आपका वोट नहीं चाहिए, उनको एक विशेष वर्ग का वोट चाहिए। इसलिए ये लोग आपका काम नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जैसे हमने बाबरी को हिलाकर राम मंदिर बनाने का काम किया है, वैसे ही झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनेगी और इन घुसपैठियों को भगाने का काम किया जायेगा।



### हेमंत सरकार सास-बहू के बीच लड़ाई करवा रही

हिमंता ने कहा कि मोदी सरकार गरीबों को अनाज दे रही है और हेमंत सरकार केवल लोगों को झोला दे रही है। मंईयां सम्मान योजना पर उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन बंद कर और मंईयां को पैसा देकर हेमंत सरकार सास-बहू के बीच लड़ाई करवा रही है। भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं के लिए गोगो दीदी योजना चालू की जायेगी। जैसे ही झारखंड में भाजपा का सरकार बनेगी, अगले ही दिन सभी महिलाओं के खाते में गोगो दीदी के तहत 2100 रुपये भेज दिये जायेंगे। भाजपा सरकार बनते ही जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द होगी। सारी रिक्तियां भरी जायेंगी। हमारी सरकार मुफ्त में गरीब लोगों को बालू मुहैया करायेगी।

### सरकार पर इरफान और आलमगीर का कब्जा

हिमंता ने कहा कि इस सरकार पर इरफान अंसारी और आलमगीर आलम ने कब्जा कर रखा है। यह सरकार किसी की नहीं है, सिर्फ आलमगीर आलम और इरफान अंसारी की है। आलमगीर आलम के घर में करोड़ों रुपये बरामद होते हैं और उनकी बीवी को टिकट दिया जाता है। इरफान अंसारी द्वारा एक आदिवासी महिला पर बुरी टिप्पणी की जाती है। उन्हें मंत्री पद से नहीं हटाया जाता है। संताल में 1951 में मुसलमान की आबादी 10 प्रतिशत थी, लेकिन आज इनकी आबादी बढ़कर 37 प्रतिशत हो गयी है। लोकल मुस्लिम है, तो कोई समस्या नहीं है। यदि उनका बेटा-बेटी से जनसंख्या बढ़ी है, तो कोई आपत्ति नहीं है। घुसपैठियों ने आकर राज्य में कब्जा किया है, तो जांच होनी चाहिए। कानून के रास्ते से उन्हें धक्का मारकर बाहर निकलना पड़ेगा।

### 'अगर मैं बाहरी हूं तो फिर गुलाम अहमद मीर क्या हैं ?'

गढ़वा/रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा बीते कई महीनों से प्रदेश में डटे हुए हैं। वह चुनावी प्रचार और कार्य में लगे हुए हैं। इसे लेकर झामुमो उन्हें बाहरी बताते हुए पर हमलावर है। इसी बात को लेकर शुक्रवार को सरमा का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने खुद को बाहरी बताये जाने पर सवाल उठाया। हिमंता ने कहा कि अगर मैं बाहरी हूं, तो कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर क्या हैं? मीर को बाहर निकालो, मैं भी चला जाउंगा। हिमंता शुक्रवार को गढ़वा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार नवंबर के कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे थे। हिमंता ने कहा कि गुलाम अहमद मीर और राहुल गांधी झारखंड में आ सकते हैं, तो असम का मुख्यमंत्री क्यों नहीं आ सकता। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनौती देते हुए कहा कि यदि हेमंत सोरेन में हिम्मत है तो गुलाम अहमद मीर को झारखंड में आने से रोके। मैं दूसरे दिन खुद असम लौट जाऊंगा।

# कल्पना सोरेन ने खूंटी में भाजपा पर साधा निशाना

सीएनआइ और जीइएल चर्च का किया दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी/ रांची।** गांडेय विधायक और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को खूंटी का दौरान किया। कल्पना सोरेन ने मुरहू के सीएनआइ और जीइएल चर्च में जाकर समाज के लोगों के साथ मुलाकात की और खूंटी के विकास योजनाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने खूंटी जिले का सही तरीके से विकास नहीं होने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। बिना नाम लिये उन्होने पूर्व केंद्रीय मंत्री और खूंटी के पूर्व सांसद अर्जुन मुंडा और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा को खूंटी के पिछड़ेपन के लिए जिम्मेदार बताया।

खूंटी दौरे के बाद कल्पना सोरेन ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि खूंटी विधानसभा की हमारी बहनों का आर्थिक और सामाजिक विकास आज भी उस गति से नहीं बढ़ रहा, जितना बढ़ना चाहिए था। दशकों से भाजपा ने खूंटी को सिर्फ कागजों पर विकसित किया है। विकास और सामाजिक उत्थान के दावे केवल पन्नों तक सीमित हैं। महिला सशक्तिकरण के नाम पर यहां धरातल पर कुछ नहीं हुआ। इसके लिए सीधे तौर पर भाजपा के स्थानीय विधायक और पूर्व के सांसद जिम्मेदार हैं, जिनकी नीतियों ने खूंटी को पीछे धकेलने का काम किया है।

**अत्याधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित होगा :** कल्पना ने लिखा, खूंटी स्थित स्किल डेवलपमेंट सेंटर में लोगों से मुलाकात का अवसर मिला। यहां के युवाओं और स्थानीय लोगों के लिए एक बेहतरीन स्किल डेवलपमेंट सेंटर की आवश्यकता स्पष्ट दिख रही है। मुझे बताया गया कि कई बार भाजपा के विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे भाजपा सांसद से इस मांग को लेकर निवेदन किया गया, परंतु इस गंभीर आवश्यकता को अनसुना कर दिया गया। आज मैं आप सभी को विश्वास दिलाती हूं कि हमारी सरकार बनते ही 2025 के अंत से पहले खूंटी में एक अत्याधुनिक स्किल डेवलपमेंट सेंटर स्थापित किया जायेगा। खूंटी का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है और इसे साकार करने का हमारी सरकार हर संभव प्रयास करेगी।

### बच्ची से मुलाकात का भावनात्मक पोस्ट किया



कल्पान ने खूंटी में एक बच्ची से हुई मुलाकात को लेकर भावनात्मक पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि खूंटी दौरे के दौरान मेरी मुलाकात एक प्यारी सी बच्ची से हुई, जिसने बड़े सपने संजो रखे हैं। उसने मुस्कुराते हुए कहा कि वह बड़ी होकर डॉक्टर बनना चाहती है, ताकि खूंटी के लोगों का इलाज यहीं कर सके। जब मैंने पूछा, तो उसने मासूमियत से बताया, यहां कुछ भी हो जाये, हमें रांची जाना पड़ता है। उसकी ये बात दिल को छू गयी। मैंने उसे वादा किया कि हेमंत जी के अगले कार्यकाल में खूंटी में एक बड़ा हॉस्पिटल जरूर बनेगा, ताकि खूंटी के किसी भी व्यक्ति को इलाज के अभाव में रांची या अन्य दूसरे शहर ना जाना पड़े।

# अलका तिवारी बनीं झारखंड की नयी मुख्य सचिव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वरिष्ठ आइएएस अलका तिवारी झारखंड की नयी मुख्य सचिव बनायी गयी हैं। अलका तिवारी 1988 बैच की आइएएस हैं। उनके रिटायरमेंट की तिथि 30 सितंबर 2025 है। बता दें कि 31 अक्टूबर को एल खियांग्ते रिटायर हो गये। एल ख्यांगते के सेवानिवृत्त होने के बाद अलका तिवारी को मुख्य सचिव बनाया गया है। अलका तिवारी की नियुक्ति पर चुनाव आयोग से सहमति ले ली गयी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी।

# राज्य सरकार ने विधवा पेंशन बंद कर दी: बाबूलाल मरांडी

हेमंत सोरेन केवल महिला सशक्तिकरण का दंभ भर रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना की राशि देने के लिए विधवा पेंशन को बंद कर दिया है, जिससे उनकी असली सोच उजागर हो गयी है। एक ओर हेमंत सोरेन महिला सशक्तिकरण का दंभ भर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर उन्होंने विधवा महिलाओं की पेंशन बंद कर उन्हें बेसहारा कर दिया है। भाजपा नेता ने इस बाबत सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया है।

### हेमंत की हकीकत महिलाएं जान चुकी हैं



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत अपनी नाकामियों को छुपाने और महिलाओं को दिग्भ्रमित करने के लिए चुनाव से ठीक पहले विधवा महिलाओं की पेंशन बंद कर मंईयां योजना शुरू की है। माताएं-बहनें हेमंत की हकीकत जान चुकी हैं, इसलिए हेमंत सरकार चुनाव के समय महिला हितैषी बनने का ढोंग रच रही है। नारी सशक्तिकरण का कार्य सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। वर्तमान में भाजपा शासित राज्यों में माताओं और बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की ऐसी योजनाएं पहले से ही क्रियान्वित हैं। झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनने के साथ ही माताओं और बहनों को स्वावलंबी बनाने के लिए गोगो दीदी योजना के तहत के बैंक खाते में हर महीने की 11 तारीख को 2,100 रुपये तक की वित्तीय सहायता दी जायेगी।

# पीएम के आर्थिक सलाहकार बिबेक देबरॉय का निधन

नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 69 साल के थे। एम्स दिल्ली की ओर से जारी बयान में कहा गया उन्हें आंतों से जुड़ी बीमारी (इंटेस्टाइन इन्फेक्शन) था। सुबह करीब 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित देबरॉय नीति आयोग के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने नयी पीढ़ी के लिए सभी पुराणों का अंग्रेजी में आसान अनुवाद लिखा था।

**प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा :** प्रधानमंत्री ने डॉ. देबरॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि डॉ. बिबेक देबरॉय जी एक प्रखर विद्वान थे। वे अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। सार्वजनिक नीति में अपने योगदान के अलावा उन्हें हमारे प्राचीन ग्रंथों पर काम करने और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाने में भी आनंद आता था।

# भाजपा लोगों को मुद्दों से भटका रही है: वेणुगोपाल

कांग्रेस महासचिव पहुंचे रांची, जीत का किया दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा आम लोगों को मुद्दों को भटकाने के लिए नयी-नयी चीजें बतायेंगे। वह आम लोगों को हर समय भटकाने का प्रयास करती है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की जीत का दावा किया। दरअसल भाजपा ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी है। पार्टी ने आरोप लगाया कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र के बारे में गलत जानकारी दी है। भाजपा के बरहेट सीट से उम्मीदवार गमलियल हेंब्रोम ने 30 अक्तूबर को चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करायी थी। इसमें कहा गया है कि हेमंत सोरेन की पांच साल में सात साल में उम्र बढ़ गयी है। इसी पर मीडिया द्वारा पूछे सवाल का वेणुगोपाल जवाब दे रहे थे।



**एयरपोर्ट पर किया गया स्वागत:** महासचिव वेणुगोपाल सेवा विमान से शुक्रवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल नेता रामेश्वर समेत अन्य नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने केसी वेणुगोपाल का झारखंड की परंपरा एवं संस्कृति के अनुसार स्वागत किया, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया। बंधु तिर्की के नेतृत्व में छऊ नृत्य, ढोल-नगाड़े से भव्य स्वागत किया। केसी वेणुगोपाल ने स्वयं नगाड़ा बजाकर स्वागत कर्मियों का अभिवादन भी किया।

### इंडी गठबंधन ने अच्छा काम किया है

वेणुगोपाल ने कहा झारखंड में कांग्रेस-झामुमो गठबंधन की सरकार अच्छा काम कर रही है। झारखंड की जनता इंडी गठबंधन को पूर्ण बहुमत से विजयी बनायेगी। कांग्रेस का प्रदर्शन पिछली बार से और बेहतर होगा। इस बार और बड़ा जनादेश लेकर हम झारखंड में सरकार बनाने जा रहे हैं।

स्मृति शेष



श्रद्धेय आशीष डे (भाई)
02.02.1956 - 02.11.2007
मृत्यु जीवन का अंत करती है, रिश्तों का नहीं,
आपकी मधुर यादों का रिश्ता अटूट है, अनमोल है...
श्रद्धावनत
Sreeleathers
समस्त श्रीलेदर्स परिवार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 74,200 रु./10 ग्राम
चांदी 100,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड पर चढ़ने लगा विधानसभा चुनाव प्रचार का बुखार

## ■ सत्ताधारी इंडी अलायंस और विपक्षी एनडीए के बीच शुरू हुआ घात-प्रतिघात

## ■ प्रचार अभियान में दोनों गठबंधनों की तरफ से खूब उठाये जा रहे हैं चुनावी मुद्दे

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड विधानसभा चुनाव का मैदान सज चुका है। नामांकन दाखिल करने, उनकी जांच और नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही चुनाव प्रचार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। नामांकन दाखिल करने के दौरान आयोजित सभाओं में जिस तरह के मुद्दे उठाये गये और जो बातें कही गयीं, उससे यह तो साफ हो गया है कि यह चुनाव बेहद रोमांचक होने के साथ कई नये समीकरणों को आकार देगा। इन सभाओं के बाद अब दोनों तरफ से चुनावी रैलियों और सभाओं का आयोजन होगा। दिवाली संपन्न होने के बाद अब चुनावी रौनक देखने को मिलेगी। पीएम मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे दिग्गज नेता चुनावी दौरे पर आयेंगे। झारखंड में पहले चरण के लिए 13 नवंबर को वोटिंग होगी। दूसरे चरण के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। समय कम है, इसलिए सभी पार्टियां अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार हैं। झारखंड में इस बार का चुनाव प्रचार अभियान कितना गहन होगा, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विपक्षी एनडीए के सबसे बड़े घटक दल भाजपा की तरफ से पीएम मोदी और अमित शाह के अलावा दूसरे केंद्रीय नेता और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री यहां आयेंगे, जबकि सत्ताधारी इंडी अलायंस की तरफ से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और दूसरे केंद्रीय नेता के साथ कई राज्यों के मुख्यमंत्री आयेंगे। स्थानीय नेताओं में हेमंत सोरेन और केशव महतो कमलेश के अलावा भाजपा-आजसू की तरफ से बाबूलाल मरांडी और सुदेश महतो तो हैं ही। इन नेताओं के चुनावी दौरों के कार्यक्रम तय किये जा रहे हैं और चुनावी मुद्दों की सूची को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्या है झारखंड के चुनाव प्रचार का मुद्दा और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

दिवाली खत्म हो गयी है और इसके साथ ही झारखंड अब विधानसभा चुनाव के बुखार में तपने लगा है। नामांकन दाखिल करने, उसकी जांच और नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य में चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इसके साथ ही चुनाव प्रचार अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। राज्य में अब दिग्गज नेताओं का जमावड़ा देखने को मिलेगा। सभी पार्टियां अपनी पूरी ताकत से चुनाव प्रचार में जुटने लगी हैं। राज्य में पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को 43 सीटों पर होगा, तो 20 नवंबर को दूसरे चरण में 38 सीटों पर वोटिंग है।

### प्रचार युद्ध में दोनों पक्षों ने झोंकी ताकत

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम की ओर बढ़ता जा रहा है। सत्ताधारी गठबंधन लगातार दूसरी बार सत्ता में आकर इतिहास रचना चाह रहा है, तो विरोधी एनडीए किसी कीमत पर ऐसा नहीं होने देने के लिए संघर्षरत है। दोनों पक्ष के पास उत्साह और उम्मीद के अपने-अपने कारण हैं, लेकिन ऐसी कई बातें हैं, जो वोट पर चोट कर सकती हैं।

### पीएम मोदी समेत केंद्रीय नेताओं का दौरा

झारखंड में भाजपा की तरफ से पीएम मोदी और अमित शाह चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। अमित शाह दो तारीख को रांची पहुंचेंगे और तीन को घाटशिला, सिमरिया और बरकट्ठा में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी चार नवंबर को झारखंड आयेंगे। वे चाइबासा और गढ़वा में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बोकारो और रांची में भी पीएम मोदी की सभा प्रस्तावित है, लेकिन अभी तारीख तय नहीं हुई है। उधर कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल भी रांची पहुंच गये हैं। वे पार्टी नेताओं के साथ चुनाव की तैयारियों की समीक्षा में जुटे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के कार्यक्रम भी जल्द ही तय किये जायेंगे। एनडीए के घटक जदयू के नेता ललन सिंह और संजय झा दो नवंबर को तमाड़ और जमशेदपुर पश्चिमी में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। फिर नौ और 10 नवंबर को केंद्रीय राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर भी खीरू महतो के साथ दो विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

स्थानीय नेताओं में झामुमो की तरफ से हेमंत सोरेन, उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, कांग्रेस की तरफ से केशव महतो कमलेश और राजेश ठाकुर के अलावा राज्य सरकार के मंत्रियों का चुनावी दौरा भी शुरू हो गया है, जबकि भाजपा और आजसू की तरफ से चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, आजसू प्रमुख सुदेश महतो और अन्य नेताओं ने राज्य भर का दौरा शुरू कर दिया है।




### आंकड़ों से बढ़ी हैं एनडीए की उम्मीदें

एनडीए की सबसे बड़ी उम्मीद लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 44.60 फीसदी और आजसू को 2.62 प्रतिशत वोट मिले थे, यानी दोनों को मिला कर 47 फीसदी से ज्यादा वोट मिल गये थे। लोकसभा चुनाव में सत्ताधारी गठबंधन में शामिल पार्टियों को करीब 37 फीसदी वोट मिले थे। इनमें झामुमो को 14.60 प्रतिशत, कांग्रेस को 19.19 प्रतिशत और राजद को 2.77 प्रतिशत वोट मिले थे। सीटों की बात करें, तो लोकसभा चुनाव में भाजपा ने आठ, झामुमो ने तीन, कांग्रेस ने दो और आजसू ने एक सीट जीती थी। झारखंड में 81 विधानसभा क्षेत्र हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में इनमें से 51 क्षेत्रों में भाजपा-आजसू को बढ़त मिली थी। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 79 सीटों पर चुनाव लड़ कर 25 सीटें जीती थीं। आजसू तब भाजपा के साथ नहीं थी और 53 सीटों पर लड़ कर उसे दो पर जीत मिली थी। तीन सीट बाबूलाल मरांडी की झारखंड विकास मोर्चा भी ले आयी थी, जिसका अब भाजपा में विलय हो गया है। उधर, झामुमो 43 सीटों पर लड़ कर 30 सीटें जीता था, जबकि कांग्रेस 31 सीटों पर लड़ी और 16 पर जीती थी। राजद ने सात सीटों पर चुनाव लड़ा, लेकिन एक ही जीत पाया। एक सीट माले को भी मिली थी। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में करीब 1.48 करोड़ वोट पड़े थे। इनमें से भाजपा को 33.37 प्रतिशत, आजसू को 8.1 और जेवीएम को 5.45 प्रतिशत वोट मिले थे। उधर, झामुमो को 18.72 प्रतिशत, कांग्रेस को 13.88 और राजद को 2.75 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। यानी झामुमो और कांग्रेस को जितने वोट मिले, उससे ज्यादा अकेले भाजपा को मिले थे।

### पर ये आंकड़े पेश कर रहे चुनौती

ऊपर दिए गए आंकड़ों में सभी प्रमुख पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत और जीती गयी सीटों की तुलना करें, तो भाजपा की चुनौती समझी जा सकती है। पिछली बार भाजपा 33 फीसदी से ज्यादा वोट लाकर भी 25 सीटें ही जीत पायी, जबकि झामुमो और कांग्रेस ने 33 फीसदी से थोड़ा कम ही वोट पाकर 46 सीटें जीत ली थी। वोट बनाम सीट का आंकड़ा अपने पक्ष में करना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। यह चुनौती तब और बड़ी हो जाती है, जब विरोधी गठबंधन की तुलना में भाजपा के पास कोई दमदार साथी नहीं है। एनडीए के मौजूदा सहयोगियों में से आजसू के अलावा अन्य पार्टियों की बात करें, तो जदयू और लोजपा ने 2019 का विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ा था। नीतीश की जदयू ने 45 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन पार्टी को एक प्रतिशत वोट भी नहीं मिला। यही हाल चिराग पासवान की लोजपा का था। लोजपा ने भी 33 उम्मीदवार उतार दिये थे, पर वोट मिले थे महज 0.3 प्रतिशत। सत्ताधारी गठबंधन के लिए भी यह चुनौती होगी कि वह पिछली बार की तरह इस बार भी वोटों को सीटों में बदलने का रिकॉर्ड कायम रखे या उसे और बेहतर बनाये।

### अब जनता के मुद्दों की बात

अब बात करते हैं कुछ उन आंकड़ों की, जो जनता का हाल बयां करते हैं। झारखंड को बने 24 साल हो गये, लेकिन, जनता का हाल कई मामलों में अब भी बुरा है। सबसे पहला मुद्दा बेरोगारी है। युवाओं के लिए नौकरी बड़ा मुद्दा है। नेता इसकी चर्चा और वादे भी करते हैं, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। राज्य में 20 लाख युवा बेरोजगार हैं और करीब पौने तीन लाख सरकारी पद खाली हैं। इसके बाद आता है स्वास्थ्य। राज्य बनने के बाद भी 3.5 करोड़ की आबादी को सही इलाज मुहैया कराने की व्यवस्था सरकारें नहीं कर पायी हैं। एक डॉक्टर पर 4746 लोगों के इलाज का भार है। कम से कम 35 हजार सरकारी डॉक्टर होने चाहिए, लेकिन राज्य में महज 3691 पद निर्धारित हैं। इनमें से भी 1600 पर ही नियुक्ति हुई है। जल, जंगल, जमीन का नारा देने के बावजूद झारखंड में खेती का हाल भी बुरा है। राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान की बात करें, तो 2022-23 में ग्रॉस स्टेट वैल्यू ऐडेड (जीएसवीए) 88 फीसदी से भी ज्यादा योगदान गैर कृषि क्षेत्र का है। जीएसवीए में कृषि की हिस्सेदारी (11.52 प्रतिशत) के मामले में झारखंड का स्थान नीचे से पांचवां है। झारखंड के सर्विस क्षेत्र का भी यही हाल है। इस क्षेत्र का जीएसवीए में योगदान 43.79 प्रतिशत (राष्ट्रीय औसत 54.43 का है) है। यही वजह है कि उद्योग क्षेत्र का योगदान राष्ट्रीय औसत (30.22) से ज्यादा (44.69 प्रतिशत) होने पर भी राज्य में प्रति व्यक्ति आय कम है और लोग गरीब हैं।

आम लोगों से जुड़े इन आंकड़ों की पृष्ठभूमि में अब यह देखना दिलचस्प होगा कि राजनीतिक दल किन मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अब तक जो सामने आया है, उससे साफ हो गया है कि एनडीए की तरफ से राज्य सरकार की वादाखिलाफी, डेमोग्राफी में बदलाव और झारखंड की रोटी-बेटी-माटी की सुरक्षा का मुद्दा जोर-शोर से उठाया जायेगा, जबकि सत्ताधारी इंडी अलायंस की तरफ से आदिवासी अस्मिता और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर फोकस रहेगा।

---

## मुख्यमंत्री ने पीएम और चुनाव आयोग पर साधा निशाना

# हेमंत सोरेन ने कर्मियों की छुट्टी रद्द नहीं करने का किया आग्रह

**वाहनों को अस्थायी रूप से छोड़ने का किया आग्रह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झारखंड दौरा के साथ चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि 31 अक्टूबर को दीपावली थी। अब भैया दूज, सोहराय, गोहाल पूजा, बांधना पर्व और चित्रगुप्त पूजा है। 4 नवंबर से 8 नवंबर तक छठ महापर्व है। ये पर्व झारखंड के लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें सभी आमजन, सरकारी कर्मी, पुलिस कर्मी छुट्टी लेकर अपने घर जाते हैं। सूचना मिली है कि जिला प्रशासन चुनाव एवं प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर किसी प्रकार की छुट्टी नहीं दे रहा है।



**हर वादे को निभाने का ईमानदार प्रयास किया**

**मुख्यमंत्री ने लिखा है कि आपकी अबुआ सरकार ने तमाम झंझावतों के बावजूद अपने किये हर वादे को पूरी निष्ठा से निभाने का ईमानदार प्रयास किया है। मुझे मालूम है कि अभी बहुत से कार्य करने हैं, तेजी से करने हैं और समय पर करने हैं। इस कार्यकाल में सीखने को बहुत मिला है, जिससे हम सीख लेते हुए आगे और भी तेजी से कार्य करने के लिए कृतसंकल्पित हैं।**

**चुनाव आयोग से आग्रह कर्मियों की छुट्टी न करें रद्द:** हेमंत ने चुनाव आयोग से अनुरोध किया है कि स्पष्ट निर्देश जिले के डीसी, एसपी को दें कि पूजा के लिए इन कर्मियों को छुट्टियां दें, छुट्टियों को रद्द न करें। साथ ही बड़ी संख्या में बस व अन्य वाहनों को जिला प्रशासन ने चुनाव कार्य के लिए जब्त कर रखा है। वे इन वाहनों को 02 नवंबर से 08 नवंबर तक अस्थायी रूप से छोड़ें, ताकि आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर घर पहुंचने में लोगों को असुविधा न हो।

# आजसू के जिला अध्यक्ष रामलाल मुंडा समर्थकों के साथ जेएमएम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प. सिंहभूम में एनडीए को शुक्रवार को बड़ा झटका लगा है। आजसू के जिला अध्यक्ष रामलाल मुंडा अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जेएमएमए में शामिल हो गये हैं। आजसू नेता रामलाल मुंडा शुक्रवार को दर्जनों वाहनों के काफिला के संग सीएम आवास पहुंचे। इस दौरान हेमंत सोरेन ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर हालचाल जाना, इसके बाद सभी को पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया।



**ये लोग जेएमएम में हुए शामिल :** आजसू के रोमित सिंह, अनुसूचित जनजाति महासभा के जिला उपाध्यक्ष अर्जुन मुंडा, तुरी कोड़ा, गणपति महाली, मुचिराय महाली, सुसेन महाली, अंगद महाली, ईश्वर मुदी, मनोज मुंडा, सुराज महली, विश्वनाथ महाली, सुखलाल लागुरी, भीमसेन महतो, अनिल मुंडा, हराधान मुंडा, राज किशोर महतो, सिनू जारिका, रामदेव तांती, श्रीकांत प्रधान, कृष्णा तांती, मंगता केराई, दीपक महतो, अनिल महतो, मनकिशोर महतो, मुकेश मांझी, कदेराम मांझी, रामराई हेंब्रम, मांझी बंकिरा, रमेश गागराई, हराधान मुंडा समेत सैकड़ों की संख्या में आजसू पार्टी के नेताओं ने जेएमएम की सदस्यता ली।

# झूठा वादा कर सत्ता में आयी हेमंत सरकार : आरती सिंह

**भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा में विफलता का आरोप लगाया**

**हेमंत सोरेन सरकार में बेटियों पर अत्याचार बढ़ा : राफिया नाज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के मुद्दों पर विफलता का आरोप लगाया। भाजपा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह और प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने महिलाओं के लिए किये गये वादों को पूरा नहीं किया।




उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला कल्याण की योजनाओं को बंद कर दिया और महिला अत्याचार के मामलों में वृद्धि हुई है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के वादे को पूरा नहीं किया और बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में आने पर महिलाओं को सशक्त बनायेगी और उन्हें आत्मनिर्भर बनायेगी। राफिया नाज कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद और कांग्रेस गठबंधन की सरकार में राजकीय आदिवासी बेटियों की इज्जत को ताक पर रख दिया गया है। संताल परगना में क्राइम बहुत बढ़ रहा है। बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है। आंकड़ों की बात करें तो जबसे झारखंड में इंडी गठबंधन की सरकार आयी है, 26 परसेंट अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। महिला अत्याचार से संबंधित 16,162 केस दर्ज हैं। 8000 मामलों में तो जांच भी शुरू नहीं हुई है। सरकार पेसा कानून लागू करने में भी विफल रही है। आदिवासी बेटियों की रक्षा भी नहीं कर पायी है। हटिया में एक एसआइ को एक ट्रक ने कुचलकर मार दिया था। संताल परगना में बेटियों को डायन बोलकर मारा जा रहा है। महिला अपराध में 45 परसेंट की बढ़ोतरी हुई है। झारखंड में हर 6 घंटे में एक बेटी की इज्जत को तार-तार किया जाता है। कल्पना सोरेन महिला सशक्तिकरण की बात करती है, लेकिन बेटी का बलात्कार होने पर चुप रहती हैं। विदेशी बेटी के साथ दुमका में बलात्कार किया गया था, लेकिन वह कुछ नहीं बोलती हैं। इस अवसर पर प्रिंस कुमार भी मौजूद थे।

# पांच को खड़गे और आठ को राहुल गांधी आयेंगे झारखंड

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 5 नवंबर को और राहुल गांधी 8 नवंबर को आयेंगे। राहुल गांधी यहां दो दिवसीय दौरे पर आयेंगे। 8 और 9 नवंबर को राहुल गांधी सिमडेगा, लोहरदगा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 5 नवंबर को रांची आयेंगे और वे कांके विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।



**तीन नवंबर को अमित शाह, चार को पीएम मोदी की चुनावी सभा :** इधर, एनडीए और इंडिया गठबंधन ने दीपावली के बाद धुआंधार चुनाव-प्रचार की तैयारी कर ली है। एनडीए प्रत्याशियों के लिए पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड दौरा तय हो गया है। भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि 4 नवंबर को पीएम मोदी दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं 3 नवंबर को गृह मंत्री अमित शाह तीन चुनावी सभाएं करेंगे। 3 नवंबर को अमित शाह घाटशिला, बरकट्ठा और सिमरिया में चुनावी सभाएं करेंगे। वहीं, 4 नवंबर को पीएम मोदी की चुनावी सभा चाइबासा और गढ़वा में होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 17.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.10 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.54 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# पांच साल में सात साल बढ़ गयी हेमंत सोरेन की उम्र, चुनाव आयोग संज्ञान ले : संजय सेठ

**जनता भाजपा की सरकार बनाने को लेकर संकल्पित है, रांची विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2019 के शपथ पत्र में अपनी जो आयु बतायी और 2024 के शपथ पत्र में जो आयु बतायी उसमें 7 साल का अंतर है। आखिर 5 साल में कोई आदमी 7 साल बड़ा कैसे हो सकता है। ऐसा करके मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग को भी ठगने और धोखा देने का काम किया है। उक्त बातें शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहीं। उन्होंने कहा कि अजीब विडंबना है कि झारखंड की जनता को धोखा और फरेब देकर आयी यह सरकार पांच साल सिर्फ ठगने और धोखा देने का काम करती रही है। रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगा। सुरक्षा के नाम पर व्यवसायियों को ठगा। पढ़ायी-लिखायी के नाम पर छात्रों को ठगा। सुरक्षा और विकास के नाम पर महिलाओं, ग्रामीण और शहरी लोगों को ठगा। महिला अपराध में बेतहाशा वृद्धि हुई। आदिवासियों के नाम पर आदिवासियों को ठगा, पत्रकार कल्याण के नाम पर पत्रकारों को ठगा और अब चुनाव आयोग को भी ठगने का काम किया। हेमंत सोरेन की यह सरकार ठगों की सरकार है। राज्य को ठगने का इस सरकार ने एक नया रिकॉर्ड बनाया। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि चुनाव आयोग को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए और कार्रवाई भी करनी चाहिए। आखिर संवैधानिक पद पर बैठा कोई व्यक्ति ऐसा कैसे कर सकता है। हमें देश की हर संस्था और जनता पर विश्वास है परंतु इंडी गठबंधन को किसी पर विश्वास नहीं है। अपनी हार सुनिश्चित देखकर इंडी गठबंधन का कुनबा मानसिक संतुलन खो चुका है। श्री सेठ ने कहा कि भाजपा को लेकर आम जनता में भी उत्साह है। झारखंड की जनता का संकल्प है कि राज्य में अबकी भाजपा की सरकार बनानी है। रांची लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास पर झारखंड की जनता ने इस बार मोहर लगा दी है।

वहीं रांची के विधायक सह भाजपा प्रत्याशी सीपी सिंह ने कहा कि 13 नवंबर को रांची में कमल का बटन दबाने को जनता तैयार है। झारखंड में बालू जैसे सामान्य चीजों की कमी और भ्रष्टाचार चरम पर है। झारखंड में हर तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई है। जिससे भाजपा ही निजात दिला सकती है। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद सह रांची विधानसभा क्षेत्र के संयोजक अजय मारू भी मौजूद थे।

# मिथिलेश ठाकुर को हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश

## वीडियो जारी कर किया खुलासा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री और गढ़वा से झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर को साइबर अपराधियों ने हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की। लेकिन मंत्री जाल में नहीं फंसे। हनी ट्रैप में फंसाये जाने का खुलासा खुद मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने एक वीडियो जारी कर किया है। मंत्री ने जारी वीडियो में कहा है कि उनके मोबाइल पर एक अनजान नंबर पर बार-बार वीडियो काल आ रहा था। जब उन्होंने काल रिसीव किया तो तत्काल अश्लील फोटो आने लगा। मंत्री ने तुरंत फोन काट दिया और नंबर ब्लाक कर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में उनके खिलाफ विरोधी साजिश कर रहे हैं। उन्हें धमकी दी जा रही है। तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। लेकिन विरोधी अपनी चाल में सफल नहीं होंगे। जनता सब जानती है। कहा कि वह पूरे मामले की जानकारी थाने में देकर मामला दर्ज करायेंगे।

# आदिवासी और दलित अफसर भाजपा के निशाने पर: सुप्रियो



**दूसरे राज्य के सीएम और केंद्रीय मंत्री झारखंड में दिवाली मनाते हैं**

**बीजेपी नेता को पता ही नहीं है कि आयु की गिनती जन्म प्रमाण पत्र और मैट्रिक के प्रमाण पत्र से होती है**

**साजिश के तहत चुनाव को त्योहारों के बीच में कराया जा रहा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में कहा कि एक दूसरे राज्य के सीएम और एक केंद्रीय मंत्री झारखंड में ही दिवाली मनाते हैं। इससे बीजेपी के दिवालियापन का पता चलता है। सुप्रियो ने आगे कहा कि 29 अक्टूबर को अचानक से फरमान आया कि देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग का तबादला किया जाये। इससे पहले रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री का भी तबादला करने का फरमान आया। कहा, ये सब क्यों हो रहा है, किस परिस्थिति में हो रहा है इसे समझना पड़ेगा। कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद निशिकांत दुबे ने इन 2 अफसरों पर कुछ आरोप लगाये थे। तब चुनाव आयोग ने कार्रवाई की थी। कहा कि नियम के मुताबिक प्रत्याशी अधिकारियों की शिकायत कर सकते हैं। कहा, लेकिन इस चुनाव में निशिकांत प्रत्याशी नहीं हैं। फिर भी इन दोनों अधिकारियों का तबादला किया गया। कहा कि इससे एक बात साफ है कि आदिवासी और दलित अफसर भाजपा के टारगेट में हैं।

कहा कि भारत चुनाव आयोग के अधिकारी जब यहां आये थे तभी हमने कहा था कि 15 नवंबर तक हमारे यहां कई बड़े पर्व और त्योहार हैं। इसमें लोग अपने घर चले जाते हैं। अभी संथाल परगना में सोहराय चल रहा है। दिवाली और काली पूजी हुई है। चित्रगुप्त पूजा भी है। छठ महापर्व है। गुरु नानक जंयती है। बिरसा जयंती है। लेकिन साजिश के तहत इस चुनाव को त्योहारों के बीच में कराया जा रहा है। कहा, इसके पीछे पूरे प्रशासनिक तंत्र को पंगु बना देने की साजिश है।

सुप्रियो ने कहा कि राज्य के अधिकारी और कर्मचारी भी इन त्योहारों में अपने घरों में रहते हैं। पर्व और त्योहर आस्था से जुड़े होते हैं। वे इस मौके पर छुट्टी लेते हैं। साथ ही, चुनाव कराने में बड़ी संख्या में वाहनों की जरूरत पड़ती है। कहा कि 8 नवंबर तक छठ है और पहले चरण का मतदान 13 नवंबर को है। छठ में जमशेदपुर और रांची से बड़ी संख्या में लोग बिहार और दूसरे प्रदेश में चले जाते हैं। कहा कि वाहन की कमी होगी तो वे वापस कैसे आयेंगे। चुनाव की घोषणा के समय इन सभी तकनीकी चीजों को दरकिनार कर दिया गया। सिर्फ इसलिए कि बीजेपी को फायदा पहुंचाया जा सके।

कहा कि एक राज्य के सीएम और एक केंद्रीय मंत्री भी दिवाली यहीं बिताते हैं। इससे पता चलता है कि बीजेपी में कितना दिवालियापन है। कहा कि बीजेपी के एक बड़े नेता ने ये कह दिया कि हेमंत सोरेन ने गलत नामांकन फार्म भर दिया है। हेमंत ने, अपना निर्वाचन क्षेत्र जो 3 नंबर बरहेट है, उसके जगह पर 64 हटिया लिख दिया। कहा कि 64 हटिया के मतदाता हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना मुर्मू सोरेन हैं। ये हम सब जानते हैं। लेकिन बीजेपी के इस नेता की इतनी विद्वता है, ये हम नहीं जानते थे। बीजेपी के लोग इतने बौखला गये हैं। एक सीएम ट्वीट करते हैं कि हेमंत सोरेन ने अपनी आयु की भी गलत जानकारी दी है। कहा कि ऐसे बीजेपी नेता को पता ही नहीं है कि आयु की गिनती जन्म प्रमाण पत्र और मैट्रिक के प्रमाण पत्र से होती है। इस आधार पर हेमंत सोरेन के नामांकन को सही करार दिया गया है। लेकिन उनको इस बात की भी जानकारी नहीं है। इस पर भी हंगामा किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में सुप्रियो के साथ राजद, कांग्रेस और माले के नेता भी मौजूद थे।

# चंपाई सोरेन को जबरन सत्ता से हटाने वाले के मुंह से आदिवासी हित की बात करना हास्यास्पद : प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा कुछ अफसर को हटाये जाने पर झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रहा है। प्रतुल ने कहा कि जो एससी और एसटी समुदाय के हित की बात करने का नाटक कर रहे, उनको बताना चाहिए एक गरीब परिवार से आने वाले आदिवासी चंपाई सोरेन को उन्होंने जबरन सत्ता से क्यों हटाया? झारखंड मुक्ति मोर्चा की पत्रकार वार्ता पर पलटवार करते हुए प्रतुल ने कहा कि चंपाई सोरेन को अंतिम दिन नियुक्ति पत्र भी बांटने नहीं दिया गया। क्या यह पूरे आदिवासी अस्मिता का अपमान नहीं है? इस प्रदेश में अब तक 7400 बेटियों की इज्जत लूटी गयी, जिसमें एक तिहाई एससी और एसटी समुदाय की बेटियां थीं। सिर्फ 25 प्रतिशत केसों में अभी तक चार्जशीट हुआ है। इस पर हेमंत सोरेन खामोश क्यों हैं? प्रतुल ने कहा कि इनकम टैक्स ने अपने इतिहास की सबसे बड़ी सफलता तब अर्जित की जब उसने कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के कार्यालय और आवासीय परिसर में छापेमारी कर साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये नकदी बरामद किये थे। पूरी सरकार और सत्ताधारी गठबंधन इसे व्यापार का पैसा बताने में लग गयी जबकि अब इस मामले की जांच सीबीआइ और एनआइए तक कर रही है। प्रतुल ने कहा कि इसी सरकार के कैबिनेट में नंबर दो पर रहे हुए आलमगीर आलम के पीए के नौकर के घर से 32 करोड़ से ज्यादा रुपये बरामद हुए। उस समय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खामोश रहे। हालांकि, इडी को दिये गये बयान में पीए के नौकर और पीए ने स्वीकार किया कि ये पैसा आलमगीर आलम का ही था। प्रतुल ने कहा कि झारखंड में पीसी सरकार का मैजिक शो भी फेल हो जायेगा। क्योंकि, यहां उससे भी बड़ा जादू हो रहा है। पांच वर्ष में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की आयु सात वर्ष बढ़ गयी। ये जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने अपने 2019 और 2024 के एफिडेविट के जरिए दिया है।

## Format C-1

*(For candidate to publish in Newspapers, TV)*

Declaration about criminal cases.

*(As per the judgment dated 25'September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate: **SHRI HARELAL MAHTO R/o H. No. 174 Village Bahudih, P.O. Bahudih, P.S. Chandil, District Seraikela Kharsawan.**

Name of political party: **AJSU Party**
Name of Election : **STATE ASSEMBLY ELECTIONS, 2024**
* Name of Constituency: **50 – ICHAGARH** I Harelal Mahto, a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending Criminal Cases

| Sl No | Name of Court | Case No and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | J.M. 1st Class Seraikella | G.R NO. - 09/2024 | Evidence | S. 414, 34 IPC, S. 2 1 MMDR Act. S. 54 JMMC Act., S. 9/13 JMDR Act. (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 2 | J.M. 1st Class No. 24 Jamshedpur | G.R NO.- 1949/2018 | Evidence | S. 4/21/MMDR Act & S. 54 OF JMMC Rules 2004, Amendment 2017.(Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 3 | J.M. 1st Class cum Addl Civil Judge (Sr. Div) IX, Jamshedpur | G.R NO.- 1221/2019 | Charge | S. 379/414 of IPC & S. 4/21 MMDR Act. & S. 54 (5) JMMC Rules 2004, Amendment 2017. (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 4 | A.D.J. Chandil | S.T. - 133/21 | Evidence | S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 of Disaster Management Act , 2005 & S. 3 of Epidemic 1897. (Case relating to Negligent act l ikely to cause disruption of public safety and spread infection of disease) |
| 5 | A.D.J. Chandil | S.T.- 188/21 | Evidence | S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 of Disaster Management Act . 2005 & S. 3 of Epidemic 1897. (Case relating to Negligent act l ikely to cause disruption of public safety and spread infection of disease) |
| 6 | S.D.J.M. Chandil | G.R NO.- 185/22 | Appearance | S. 188/34 of IPC 51 Disaster Management Act . 2005 . (Offence related to v iolation of orders relating to Covid-19 Lockdown) |
| 7 | S.D.J.M. Chandil | G.R NO.- 273/22 | Appearance | S. 411/414/34 of IPC & S. 9/13 JMMCR 2017 & S. 4/54 JMMC 2004 . (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 8 | A.C.J.M. Chandil | G.R NO.- 214/21 | Appearance | S. 379/414 of IPC & S. 4/54/67 JMMCR 2004 & JMMTC ££ 9. (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 9 | A.C.J.M. Chandil | G.R NO.- 393/23 | Appearance | S. 411/414/34 of IPC & 9/13 JMMCR 2017 & 4/54 JMMC 2004 & MMDR Act. 1957 U/S 4 (1) (A)/21 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.) |
| 10 | A.C.J.M. Chandil | G.R NO. - 109/23 | Evidence | S. 188/186/34 OF IPC & 51 OF Disaster Management Act. 2005. (Offence related to violation of orders relating |
| 11 | A.C.J.M. Chandil | Nimdih PS - 19/24 | Appearance | S. 4/5 OF Explosive Substances Act . & 25(1 -B) (A)/26 of Arms Act . (Offence related to unauthorized handling of explosives and firearms) |

(B) Details about cases of conviction of criminal offences

| Sl No | Name of Court and date(s) of order(s) | Description of off ice(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NA | NA | NA |

# न कभी झुका हूं और न झुकूंगा: हर्ष अजमेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** निर्दलीय प्रत्याशी हर्ष अजमेरा ने प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने चुनाव में चल रही चुनौतियों, संघर्ष और जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर विस्तार से चर्चा किया। हर्ष अजमेरा ने अपने संबोधन में सबसे पहले कहा कि मैं ना पहले झुका हूं और ना कभी भविष्य में झुकूंगा। मेरे खिलाफ चाहे जितने भी षड्यंत्र हों, चाहे कितने भी हथकंडे अपनाये जाएं, लेकिन मैं अपनी दृढ़ता के साथ इस चुनाव में डटा रहूंगा। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में उनका खड़ा होना उनकी व्यक्तिगत इच्छा या स्वार्थ नहीं है, बल्कि यह हजारीबाग की जनता की भावना और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल मेरा नहीं है, बल्कि हजारीबाग के युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं का है। मेरी उम्मीदवारी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि एक आंदोलन की तरह है, जो समाज के हर तबके की आवाज बनकर खड़ा है। हर्ष अजमेरा ने जनता को याद दिलाते हुए कहा कि उनका नामांकन पत्र जनता और उनके युवा साथियों ने उन्हें भेंट स्वरूप सौंपा है, और यह उनके जीवन का एक बड़ा सम्मान है। प्रेस वार्ता के दौरान हर्ष अजमेरा ने उन तमाम प्रयासों का जिक्र भी किया, जो उन्हें चुनाव से बाहर करने के लिए किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कुछ लोग मुझे बैठाने के लिए तरह-तरह के उपायों का सहारा ले रहे हैं। मेरे खिलाफ दुष्प्रचार किया जा रहा है, कहा जा रहा है कि मैं किसी से सेटिंग करके चुनाव लड़ रहा हूं। यह आगे जाकर चुनाव की मैदान से बाहर हो जाऊंगा। मैं आपके माध्यम से इन सभी आरोपों को खारिज करता हूं। चुनाव तो एक लीडर लड़ता है, लेकिन वो लीडर तब कहलाता है जब उसके कार्यकर्ता और समर्थक उसके साथ होते है। हर्ष अजमेरा ने बताया कि उनके खिलाफ अफवाहें फैलाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है, ताकि उनके पक्ष में उठ रही आवाजों को दबाया जा सके। उन्होंने कहा, सेटिंग जैसी बातें केवल अफवाहें हैं और इनका कोई आधार नहीं है। मैं आप सभी पत्रकार साथियों से निवेदन करता हूं कि आप इन बातों को जनता तक सही ढंग से पहुंचाएं और किसी भी प्रकार की गलत जानकारी से जनता को भ्रमित होने से बचायें।

# मरकच्चो में कांग्रेस-झामुमो पर बरसे हिमंता

**भाजपा से ही झारखंड का विकास संभव: हिमंता बिस्वा सरमा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मरकच्चो।** कोडरमा विधान सभा की वोटिंग की घड़ी जैसे जैसे नजदीक आने लगी हैं। वैसे-वैसे राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा हैं। शुक्रवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा ने मरकच्चो प्रखंड के गुरहा मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस और जेएमएम पर जमकर निशाना साधा। कोडरमा के नावाडीह एक हाट  के गुरहा मैदान में हिमंत विश्व सरमा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए। हिमंता विश्व सरमा ने लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धियां गिनावाई और कोडरमा की भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव को जिताने का लोगों से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विकास की जो गाथा लिखी है उसे निरंतर आगे बढ़ाने के लिए लोगों को एकजुट होना होगा। देश की तरक्की और उन्नति के लिए जिस तरह से केंद्र में मोदी सरकार को वोट देकर सरकार बनाया है। ठीक उसी तरह से झारखंड में भाजपा की सरकार बनाकर डबल इंजन की सरकार बनानी है, तभी झारखंड का विकास संभव है। जनसभा को सांसद और केंद्रीय मंत्री अंनपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक प्रत्याशी डॉ नीरा यादव, जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, रामचंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, रमेश सरदार, अरशद खान, सत्यनारायण यादव, वीरेंद्र सिंह, अंबिका सिंह, रवि मोदी ने भी सम्बोधित किया और विकास के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रखंड अध्यक्ष सुनील यादव ने की जबकि संचालन जिला महामंत्री विजय यादव और शिवेंद्र नारायण सिन्हा ने किया। मौके पर विशाल भदानी, बिनोद कुमार मुन्ना, राजकुमार यादव, दिनेश सिंह समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# इवीएम-वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न




**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक माल सिंह भयडिया, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह और 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी और उनके चुनाव अभिकर्ता की मौजूदगी में  ईवीएम-वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रेंडमाइजेशन से पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी और उनके चुनाव अभिकर्ता को पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।  इस दौरान 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के 429 मतदान केंद्रों के लिए बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, और वीवीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पूनम कुजुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सुभाष यादव, 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी और उनके चुनाव अभिकर्ता मौजूद रहे।

# भाकपा प्रत्याशी महादेव राम को जिताने का लिया संकल्प

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी अंचल कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता जागेश्वर पांडेय ने कि संचालन अंचल सचिव आनंद कुमार पांडेय ने किया। मुख्य अतिथि राज्य परिषद सदस्य कृष्ण कुमार एवं भाकपा उम्मीदवार महादेव राम मौजूद थे। बैठक में विधानसभा चुनाव कि तैयारी को लेकर गहन विचार विमर्श किया गया। कमेटी के लोगों को जिम्मेवारी देते हुए भाकपा उम्मीदवार महादेव राम को विजय बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर बैठक में महेश पासवान, हरीलाल मांझी, दिलचंद पासवान, अजीत कुमार पांडेय, प्रदीप पांडेय, भुवनेश्वर दास, नितीश शर्मा समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

# मतदाताओं के बीच मतदाता मार्गदर्शिका वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार स्वीप कोषांग अंतर्गत जिले के मतदाताओं के बीच नैतिक मतदान करने की जागरूकता को लेकर बीएलओ के माध्यम से मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया जा रहा है। जिसमें मतदाताओं को मतदाता सूची से नाम खोजने, किसी भी निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए 1950 हेल्पलाइन पर कॉल करने, पोस्ट वैलट, वोटर हेल्पलाइन एप्प, नो योर कैंडिडेट एप, मतदान करने की पूरी प्रक्रिया, सुविधा एप्प, सी-विजिल एप्प की जानकारी दिया गया। सभी मतदाताओं के बीच मतदाता पर्ची का भी वितरण किया जा रहा है। सभी मतदाताओं से अपील किया गया कि 13 नवंबर को मतदान अवश्य करें।

# इलेक्शन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेस्ट चार नवंबर को

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कोषांग कोडरमा के द्वारा दिनांक 4 नवंबर 2024 को झील रेस्टूरेंट के समीप पंचायत उरवां, प्रखंड-चंदवारा में इलेक्शन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेस्ट 2024 का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम सुबह 08 बजे से लेकर संध्या 05 बजे तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें डिस्को रिंगो राइड, बनाना राइड, स्पीड बोट, कायकिंग जैसे स्पॉट्स किया जायेगा। इस इलेक्शन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेस्ट 2024 निः शुल्क प्रवेश है। जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गयी है, कि इस इलेक्शन एडवेंचर स्पोर्ट्स फेस्ट 2024 में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों और स्वयं और दूसरों को भी 13 नवंबर 2024 को मतदान करने का संदेश दें।

# निर्भीक मतदान को लेकर प्रशासन ने कसी कमर

**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव में निर्भीक और निस्पक्ष मतदान को लेकर प्रखंड प्रशासन भी पूरी तरह से कमर कस चुका है। शांतिपूर्ण मतदान को लेकर केरेडारी सीओ रामरतन कुमार बर्णवाल और केरेडारी थाना प्रभारी अजित कुमार ने शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती निरी का दौरा कर मतदान केंद्र संख्या 77 का जायजा लिया। विदित हो की 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में आगामी 13 नवम्बर सुबह 7 बजे शाम 4 बजे तक मतदान होगा। अधिकारीयों ने आम जनता से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया है।

## Format C-7

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme court in WP(CIVIL) NO.536 OF 2011
(Public interest Foundation & Others Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party : **JMM PARTY**
Name of the Election : **STATE ASSEMBLY ELECTION, 2024**
Name of the State/UT : **JHARKHAND**
(1) Name of the Constituency : **61 - SILLI**
(2) Name of the Candidate : **SHRI AMIT KUMAR**

| S.No. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Criminal Antecedents | | |
| (I) | a. | Nature of Offences | 1. GR NO. 3285/2023 ARISING OUT OF DHURWA PS CASE NO. 208/2022<br>2. GR NO. 2551/2017 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 36/2017<br>3. GR NO. 3452/2015 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 62/2015<br>4. GR NO. 2148/2014 ARISING OUT OF SADAR PS CASE NO. 155/2014<br>5. GR NO. 2149/2014 ARISING OUT OF SADAR CSE NO. 156/2024<br>6. GR NO. 314/2010 ARISING OUT OF ANGARA PS CSE NO. 5/2010<br>7. ST NO. 481/2010 ARISING OUT OF SONAHATU PS CASE NO. 42/2006<br>8. GR NO. 640/ 2005 ARISING OUT |
| 1. | | | OF SILLI CASE NO. 12/2005 |
| | b. | CASE NO. | 1. GR NO. 3285/2023 ARISING OUT OF DHURWA PS CASE NO. 208/2022<br>2. GR NO. 2551/2017 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 36/2017<br>3. GR NO. 3452/2015 ARISING OUT OF SILLI PS CASE NO. 62/2015<br>4. GR NO. 2148/2014 ARISING OUT OF SADAR PS CASE NO. 155/2014<br>5. GR NO. 2149/2014 ARISING OUT OF SADAR CSE NO. 156/2024<br>6. GR NO. 314/2010 ARISING OUT OF ANGARA PS CSE NO. 5/2010<br>7. ST NO. 481/2010 ARISING OUT OF SONAHATU PS CASE NO. 42/2006<br>8. GR NO. 640/2005 ARISING OUT OF SILLI CASE NO. 12/2005 |
| | c. | Name of Court | 1. Shri, Chndan CJM sri chandaj<br>2. Sri Sarthak Sharma, JM Ranchi<br>3. Sri. K.S Tripthi J.M Ranchi<br>4. Sri R.K pandey, J.M Ranchi<br>5. Sri R.K Pandey J.M Ranchi<br>6. Sri Arvind kumar II J.M Ranchi<br>7. Sri Diwakar Pandey AJC xviii, Ranchi<br>8. Sri S.B Sharma J.M Ranchi |
| | d. | whether charge have been framed or not (Yes/No) | 1. NO<br>2. NO<br>3. NO<br>4. NO<br>5. NO.<br>6. YES<br>7. YES<br>8. YES |
| | e. | Date of Conviction, if any | 1. ANGARA CASE PS NO. 05/2010 CONVICTION DATE-31/05/2016<br>2. SONAHATU PS CASE NO. 42/2006 CONVICTION DATE 23/03/2018<br>3. SILLI PS CASE NO 12/2005 CONVICTION DATE- 05/07/2016 |
| | f. | Details of Punishment undergone, if any | 1. U/S 143,149,341,353,283 IPC MAXIMUM 1 YEAR FINE RS-200/-<br>2. U/S 147,323,341,353,427,506,149 IPC MAXIMUM YEAR 2 YEAR & FINE TOTAL 45000/-<br>3. U/S 143, 341, 151, 353 IPC MAXIMUM-1 YEAR & FINE Rs- NO |
| | g. | Any other information required to be given | • ANGARA PS CASE NO. 5/2010 GR NO. 314/2010 CONVICTION AGAINST Cr. APEAL FIELD VIDE Cr. APEAL NO. 119/2016 DESIDED ON 28/9/2016 BY JC, RANCHI ORDERED TO BE PAID RS.- 25000/- AS A COMPOSITE FINES<br>• SONAHATU PS CASE NO. 42/2006 ARISING OUT OF SESSION TRILE NO. 481/2010 CONVICTION AGAINST Cr. APPEAL FIELD HIGH COURT VIDE Cr. APPEAL (SJ) NO. 604/2018 RE NUMBERD AS A Cr. APPEAL 692/2023 JHARKHAND HIGH COURT SET ASIDE THE JUDGMENT AND SENTANCE ONE YEAR, THIS ORDER AGAINST SLP (Cr.) NO. 10578/23 AND PENDING BEFORE SUPRIME COURT.<br>• SILLI PS CASE NO. 12/2005 Gr NO. 640/2005 Cr. APPEAL 135/2016 DESIDED BY JC RANCHI ON 6/10/2016 MODIFIED THE CONVICTION ORDER AND DIRECTED TO PAID RS- 50000/- COMPOSITE FINE. |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall the with reference to the qualification, achievement and merit of the candidate and not mere 'winnability' at the pools (Not more than 100 words) | | Shri Amit kumar the EX MLA from Silli and life time member of JMM party has consistently demonstrated strong leadership and a deep commitment to public service. His efforts have significant contributed to the development of the constituency and the state of Jharkhand with his achievement and dedication to welfare initiatives, Shri Amit Kumar is an exemplary candidate continuing to work for the progress an growth of silli |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates | | The charges against Shri Amit Kumar are politically motivated aimed at undermining his strong leadership and influence. Despite these challenges, his proven track record and commitment to public welfare make his the preferred candidate. His focus remains on driving development and delivering results for the community |

**Sd/-**
**SHRI AMIT KUMAR**
**JMM PARTY**
**Jharkhand**

## कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने पटेलनगर पंचायत में चलाया डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। आगामी बड़कागांव विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर कांग्रेस प्रत्याशी अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को अपने इंडिया गठबंधन के दर्जनों समर्थकों के साथ पटेलनगर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान अंबा प्रसाद ने अपने समर्थकों के साथ पटेलनगर पंचायत में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगो से आगाम 13 नवंबर को चुनाव में पंजा छाप पर मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क अभियान में कृष्णा सिंह, राजकिशोर पांडेय, जयंत तुरी, प्रेम विश्वकर्मा, मुकेश राउत, चंदन साव, गुड्डू सिन्हा, रंजीता करमाली, मनोज साव, डब्लू सिंह, कारू राय, राम शरण गिरी सहित इंडिया गठबंधन के दर्जनों लोग शामिल थे।

## जेएलकेएम के केंद्रीय सचिव संतोष प्रजापति ने थामा आजसू का दामन



गोला (आजाद सिपाही)। झिंझरीटांड स्थित आजसू पार्टी कार्यालय शुक्रवार को जेएलकेएम के केन्द्रीय सचिव संतोष प्रजापति अपने दर्जनों समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हो गए। उन्हें पार्टी कि सदस्यता गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने दिलाई। पार्टी में शामिल होने वालो में पप्पू रजवार युवा मोर्चा उपाध्यक्ष, भागीरथ प्रजापति जिला सचिव, संतोष करमाली एसटी मोर्चा अध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण किया। सांसद ने कहा कि आजसू पार्टी आंदोलन की उपज है। झारखंड की जन मानस के साथ हमारा नारा है कि सबका साथ सबका विकास। हमारा प्रयास समाजिक न्याय और विकास है।

# रामगढ़ विस क्षेत्र में 17 उम्मीदवारों की किस्मत तय करेंगे 3.54 लाख वोटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** विधानसभा में 17 उम्मीदवार अपने किस्मत आजमायेंगे। शुक्रवार को डीसी चंदन कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि नाम वापसी के आखिरी दिन एक निर्दलीय उम्मीदवार नेपाल विश्वकर्मा ने अपना नामांकन वापस लिया है। कुल 18 लोगों ने नामांकन किया था। अब 17 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। 20 नवंबर को इस विधानसभा के 3 लाख 56 हजार 993 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 1 लाख 18 हजार 145 पुरुष मतदाता है और 1 लाख 75 हजार 848 महिला मतदाता हैं। रामगढ़ विधानसभा में 406 बूथ पर मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराई जायेगी।

## बाल विद्या मंदिर स्कूल आरा में दीपोत्सव कार्यक्रम

# दीपावली पर्व ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक : रंजीत सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** बाल विद्या मंदिर आरा के प्रांगण में गुरुवार की शाम दीपावली के मौके पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम शिक्षक पुष्पिता कुमारी एवं सविता कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर सविता कुमारी एवं पुष्पिता कुमारी ने बताया कि दीपावली भारतीय संस्कृति का एक प्रमुख त्यौहार है। दीपक प्रकाश का प्रतीक है। जब हम सभी इस प्रज्वलित करते हैं तो यह अज्ञान के अंधकार को हटाकर हमें ज्ञान का प्रकाश देती है। इस अवसर पर प्राचार्य रंजीत सिंह ने कहा कि दीप प्रज्वलन कार्यक्रम पारंपरिक हिंदू संस्कार में सकारात्मक ऊर्जा एवं शुभता का आह्वान करता है। यह त्यौहार न केवल प्रकाश का त्यौहार है बल्कि प्रेम एवं भाईचारे का त्यौहार है। इस अवसर पर बच्चों ने पर्यावरण का ध्यान रखते हुए ग्रीन पटाखे जलाएं। साथ ही, मां सरस्वती की वंदना के साथ साथ मां लक्ष्मी और भगवान गणेश का आह्वान किया। मौके पर भुनेश्वर महतो, आशा कुमारी, कुलदीप महतो समेत कई विद्यार्थी शामिल रहे।

# दिवाली में कोढ़ा गैंग देने वाला था बड़ी घटना को अंजाम, दो गिरफ्तार

- गैंग के दो सक्रिय सदस्यों के पास मिली मास्टर चाबी, बाइक और रुपये
- रामगढ़ जिले में सात कांडों को दे चुके हैं अंजाम
- झारखंड और बिहार के 40 मामलों में हैं वांछित

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** जिले में दिवाली के मौके पर कोढ़ा गैंग लूट की गयी बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाला था। रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से ना सिर्फ ऐसे बड़े वारदात होते-होते रह गये, बल्कि दो सक्रिय सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। शुक्रवार को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह बताया कि गिरफ्तार सक्रिया सदस्यों के पास से मास्टर चाबी, बाइक और रुपए बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अपराधियों में सोनू कुमार यादव और मोनू कुमार यादव शामिल है। यह दोनों बिहार राज्य के कटिहार जिला अंतर्गत कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज नया टोला के रहने वाले हैं। रामगढ़ पुलिस की सक्रियता से कोठार लाहरबारी में किराए के मकान में रहकर योजना बनाते हुए इन दोनों अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। **बैंकों और जेवर दुकान की करते हैं रेकी :** एसपी अजय कुमार ने बताया कि सोनू और मोनू दोनों बैंकों और जेवर दुकान की रेकी करते थे। इन दोनों का काम बेहद शातिर तरीके से होता था। ग्रामीण इलाकों में यह लोग किराए पर मकान लेकर रहते थे। रामगढ़ शहर के बैंकों और जेवर दुकान में यह लगातार आते जाते रहते थे। वहां उनकी नजर वैसे ग्राहकों पर होती थी, जो पैसे की निकासी कर रहे हो या फिर जेवर खरीदने आ रहे हो। वे ऐसे कमजोर कड़ी को ढूंढते थे, जिनके पास मोटी रकम होती थी। महिलाएं, बुजुर्ग और कई बार ऐसे लोगों को चुना जाता था जिनके पास मोटी रकम होती थी। यह उनकी सूचना अपने गैंग के दूसरे सदस्यों को देते थे और रास्ते में उनसे रुपये उड़ा लिए जाते थे। रुपए और चेन लूटने के लिए छिड़कते थे अलकुसी का पाउडर एसपी ने बताया कि कोढ़ा गैंग के दोनों सक्रिय सदस्यों के पास अलकुसी का पाउडर भी मिला है। इस पाउडर का उपयोग खुजली कराने के लिए किया जाता था।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: ई-टेंडर/2024/33, दिनांक: 30.10.2024।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तारीख को **अपराह्न 3:00 बजे से पहले** ई-निविदा आमंत्रित करते हैं और निविदा **अपराह्न 3:30 बजे** खोली जाएगी। **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-एचक्यू-38-2024। कार्य का विवरण:** एडीईएन/तमलुक के अधिकार क्षेत्र के अधीन देशप्राण पर ट्रैक मशीन स्टेब्लिंग एवं मेंटेनेंस साइडिंग सहित अन्य संरचना का प्रावधान (द्वितीय बुलावा)। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,64,02,279.44। **बयाना राशि:** ₹ 2,32,000। **खुलने की तारीख :** 18.11.2024। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-46-2024। कार्य का विवरण:** डीईएन/ईस्ट/खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन निम्नलिखित कार्य का संपादन (i) सांतरागाछी : ट्रिप शेड, सांतरागाछी में वर्तमान पिट संख्या 01 का 11 मीटर द्वारा तथा पिट संख्या 02 का 5.2 मीटर द्वारा विस्तार एवं जीर्णोद्धार, (ii) सांतरागाछी: डब्ल्यूसीडी और एनसीजी/हॉस्पिटल लाइन के बीच एकसाथ शंटिंग मूवमेंट के लिए सांतरागाछी यार्ड का रूपांतरण तथा (iii) बौरिया स्टेशन पर कॉमन लूप लाइन संख्या 2 के सीएसएल को बढ़ाना। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,28,10,595.63। **बयाना राशि:** ₹ 2,64,100। **खुलने की तारीख:** 21.11.2024। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ई-केजीपी-ईस्ट-47-2024। कार्य का विवरण:** खड़गपुर मंडल के लिए पाकुड़/बाकुडीह/बड़हरवा/पिनरगड़िया/तालझारी डिपो पर 50 मिमी. गेज कड़े स्टोन मशीन चूर्ण बैलास्ट की आपूर्ति तथा रेलवे के वैगनों/हॉपरों में उसकी लदायी (94766 घन मीटर)। **निविदा मूल्य:** ₹ 19,53,80,957.52। **बयाना राशि:** ₹ 11,26,900। **खुलने की तारीख:** 21.11.2024। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना (क्रम संख्या 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 04.11.2024 से 18.11.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 1 के लिए) तथा 07.11.2024 से 21.11.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक (क्रम संख्या 2 एवं 3 प्रत्येक के लिए)। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन कार्यों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। **(PR-755)**


## लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर सांसद और विधायक ने किया नमन

# लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानते थे : चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** पटेल छात्रावास में भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और विशिष्ट अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी उपस्थित थे। मौके पर अतिथियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इससे पूर्व अतिथियों ने पटेल चौक स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर उनकी जयंती पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

**देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरी मानते थे :** जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरी मानते थे। कहा कि जब देश आजाद हुआ तो देश में छोटी बड़ी 570 रियासते थी। जिनका भारतीय संघ में विलय करना एक बड़ी चुनौती थी। चौधरी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल मजबूत इरादों के व्यक्ति थे। जो मजबूत भारत का निर्माण करने के पछधर थे। कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने धीरे धरे लगभग सभी देशी रियासतों का भारत संघ में विलय कर लिया। बताया कि कुछ राजवाड़े थे जो भारतीय संघ में विलय का विरोध कर रहे थे। सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि ऐसे राजवाड़ों से सरदार वल्लभ भाई पटेल सख्ती से पेश आए।

**प्रारूप -C1**

**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **जिगा-सुसारण होरो, ग्राम-कालजे, पो०+ थाना लापुंग, जिला- राँची**

राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**

निर्वाचन का नाम :- **झारखण्ड विधानसभा 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **67. सिसई (अ.ज.जा) झारखण्ड**

मैं **जिगा सुसारण होरो** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

**A) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधी का संक्षिप्त विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |
| | शून्य | शून्य | शून्य | शून्य |

**B) दंडनीय अपराध के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्रम सं0 | न्यायालय का नाम और आदेश आदेशों की तिथि | कार्यलय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी खूंटी 07/04/2018 | परिषिक्षा अधि. 1958 की धारा 4 का लाभ देकर एक वर्ष शांति बनाये रखने की परिणाम पर मुक्त किया गया | एक वर्ष शांति बनाये रखने की परिणाम पर मुक्त किया गया |

ह0
**जिगा सुसारण होरो**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
विधानसभा 2024

## सीआरएस ने सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत कबाड़ से जुगाड़ की प्रदर्शनी लगायी



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सीसीएल द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना ने स्कूली बच्चों के द्वारा कबाड़ के जुगार की प्रदर्शनी लगायी। प्रदर्शनी में एसएन हाई स्कूल बरकाकाना, यूएमएस दुर्गी एवं आर्य बल उच्च विद्यालय के बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत में सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गयी, तदोपरांत उपस्थित बच्चो ने अपने द्वारा बनाए गये हस्तशिल्प का प्रदर्शन किया। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चो ने उत्साहित होकर अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे हुए पुरस्कृत। मौके पर उपस्थित सीएसआर पदाधिकारी शशि पंकज ने बताया कि केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना द्वारा सतर्कता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे विभिन्न कार्यक्रम व प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मौके पर केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना के पदाधिकारी जयंत बिस्वास, राजेश प्रसाद, ए जालक्सो, मदन प्रसाद, शाद, प्रदीप, अंकित, यूनियन प्रतिनिधि दिलेंदर सिंह महाकांत मिश्रा, मनोज सिंह, सहित दर्जनों लोग मौजुद रहे।

## पतरातू में अनिरुद्ध कुमार ने किया जनसंपर्क

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाकपा के प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार ने पतरातू प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से वोट मांगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा-आजसू के संयुक्त प्रत्याशी को सिर्फ बड़कागांव के खनिज संपदा पर नजर है। इसलिए खनिज संपदा की रक्षा और क्षेत्र के विकास के लिए भाकपा को वोट दे। मौके पर जिला अध्यक्ष विष्णु कुमार नेमन सहित कई लोग शामिल थे।

## अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त, क्षेत्र में बालू तस्करी जारी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू ओपी क्षेत्र में अवैध बालू का चल रहे तस्करी को कुजू पुलिस ने भंडाफोड़ करते हुए रांचीरोड से दो बिना नंबर की अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। मामला दीपावली की सुबह गुरुवार की है। बताया जाता है कि पैंकी क्षेत्र स्थित दामोदर नदी के तट से तस्करों द्वारा ट्रैक्टर से अवैध रूप से बालू लाद कर रांचीरोड की ओर ले जाया जा रहा था। इस दौरान पुलिस की गाड़ी देख ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गये। बाद में पुलिस द्वारा बिना नंबर के अवैध रूप से बालू लदे दोनो ट्रैक्टर को जब्त कर कुजू ओपी परिसर लाया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा जिला खनन विभाग को सूचना दे दी गयी है।

**प्रारूप C-2**

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा निर्वाचन 2024**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **80, गढ़वा**

राज्य का नाम : **झारखण्ड**

मैं **मिथिलेश कुमार ठाकुर** (अभ्यर्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँः-

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनीय अपराध का दोषसिद्ध प्रकारणों के सम्बध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकारण संख्या एवं प्रकारण(नों) की स्थिति | संबंधति अधिनियमों के अनुभाग और अपराध(ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि(यां) | अपराध(ओं) का विवरण और लगाया गया दंड | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1 | 80, गढ़वा | मिथिलेश कुमार ठाकुर | 1. एम.पी.एम. एल.ए. स्पेशल कोर्ट, पलामू डालटनगंज जी. आर. नं0 2683/21 अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई<br>2. मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी गढ़वा थाना काण्ड सं0 248/2024 अंतिम रिपोर्ट पर सुनवाई | 171 (H) भा.द.वि. एवं 127 (A) आर.पी. एक्ट<br>133 आर.पी. एक्ट एवं 188 भा.द.वि | X | X | X |

ह0
**मिथिलेश कुमार ठाकुर**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
निर्वाचन विधानसभा 2024

**FORMAT C-1**

*(for candidates to publish in Newspapers, TV)*

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of hon'ble supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation &Ors, Vs, Union of India & Anr)

Name and address of candidate: **Dr. NEERA YADAV**

Name of Political Party : **BHARATIYA JANATA PARTY**

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election : **ASSEMBLY ELECTIONS TO VIDHANSABHA 2024**

Name of Constituency **19, KODERMA** (JHARKHAND)

I **Dr. NEERA YADAV** (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. N | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | MP MLA Court Ranchi | Lalpur P.S. Case No. 203/24 | Pending | Protest against State Government Section 191(2)(3)/190/115(2) 117(2)/109/121(1)/125/132/ 324(2)/351(2)/352/61(2) of BNS |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of state election to Legislative Council by MLAs mention the election concerned in place of name of constituency.

# ट्रंप की जीत का भारत पर प्रभाव क्या होगा

वैश्विक भू-राजनीति के बदलते समीकरणों में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम का भारत पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। चाहे डोनाल्ड ट्रंप की सत्ता में वापसी हो या उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस की ऐतिहासिक जीत, परिणाम भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करेगा। अगले अमेरिकी राष्ट्रपति का चीन के प्रति कठोर रुख अपनाना लगभग तय है, जो आर्थिक उपायों, गठबंधनों और तकनीकी प्रतिस्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करेगा। अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए व्यापार नीतियां, जिसमें शुल्क और प्रतिबंध शामिल हैं, को लागू किया जा सकता है। साथ ही चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता को कम करने के प्रयास भी किये जायेंगे। क्वाड गठबंधन को मजबूत करने और इंडो-पैसिफिक, विशेष रूप से दक्षिण चीन सागर, में सैन्य उपस्थिति को बढ़ाने से चीन के क्षेत्रीय प्रभाव को संतुलित किया जा सकेगा। तकनीकी प्रतिस्पर्धा प्रमुख भूमिका निभायेगी, जिसमें अमेरिकी नवाचार में निवेश और चीन को निर्यात पर प्रतिबंध शामिल हैं। अंत में, सीमित जलवायु सहयोग के बावजूद, मानवाधिकार संबंधी मुद्दे शायद विवाद का एक महत्वपूर्ण विषय बने रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति अमेरिका फर्स्ट पर आधारित रही है, जिसमें बहुपक्षीय सांझेदारी की बजाय , अक्सर लेन-देन आधारित कूटनीति को प्राथमिकता दी गयी है। अगर ट्रंप फिर से ओवल ऑफिस में लौटते हैं, तो भारत को कई बातों की अपेक्षा करनी चाहिए। ट्रंप का दूसरा कार्यकाल व्यापार घाटे को संतुलित करने पर अधिक जोर दे सकता है। पहले स्टील और एल्युमीनियम पर लगाये गये टैरिफ ने भारतीय निर्यात को प्रभावित किया था, लेकिन ट्रंप के द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की प्राथमिकता भारत के लिए नयी वार्ताओं के अवसर खोल सकती है। भारत को अपने निर्यात और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को बढ़ाने के लिए ट्रंप की कठिन वार्ताओं की शैली के अनुरूप ढलना होगा। उनकी टैरिफ नीति अमेरिकी कृषि उत्पादों पर भारतीय टैरिफ को कम करने के लिए चर्चा का कारण बन सकती है, जिसे ट्रंप अमेरिका की विकास कुंजी मानते हैं। ट्रंप के कार्यकाल में भारत के साथ रक्षा संबंध मजबूत हुए हैं, जिससे बड़े रक्षा समझौते और ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ क्वाड गठबंधन के तहत सुरक्षा सहयोग का विस्तार हुआ है। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए ट्रंप का दूसरा प्रशासन चीन के खिलाफ एक संतुलन के रूप में भारत की भूमिका का समर्थन करना जारी रख सकता है। बड़ी सैन्य संलिप्तता के प्रति ट्रंप की अनिच्छा भारत की क्षेत्रीय सुरक्षा स्वतंत्रता के हित में हो सकती है, जिससे संयुक्त सैन्य अभ्यास और रक्षा तकनीकी हस्तांतरण में वृद्धि हो सकती है।

**अमेरिकी हितों की रक्षा के लिए व्यापार नीतियां, जिसमें शुल्क और प्रतिबंध शामिल हैं, को लागू किया जा सकता है। साथ ही चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता को कम करने के प्रयास भी किये जायेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**यह पहली बार है, जब लगभग 500 वर्ष के संघर्ष के बाद रामलला अपने भव्य मंदिर में दीपावली मना रहे हैं। करोड़ों आस्थावान हिंदुओं के लिए श्रीराम, भगवान विष्णु के सातवें अवतार के साथ राष्ट्रपुरुष के रूप में भी स्थापित हैं। उनका पूरा जीवन ही भारतीय जीवन मूल्यों का मापदंड है। इसलिए जहां सत्कारयोग्य गुरु ग्रंथ साहिबजी में हरि सहित अन्य आराध्यों के साथ प्रभु श्रीराम के नाम का उल्लेख ढाई हजार से अधिक बार है, वहीं गांधी का सच्चा लोकतंत्र, सुराज और सुशासन मुखर तौर पर रामराज्य से प्रेरित रहा।**

# दीपावली : सामाजिक सरोकारों में श्रीराम

**बलबीर पुंज**

सभी पाठकों को दीपावली की असीम बधाई। हिंदू मान्यता के अनुसार, जिस समय माता लक्ष्मी जी का प्राकट्य हुआ था, उसी तिथि को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भी अयोध्या लौटे थे। इसलिए दीपावली पर दुनिया भर में हिंदू दीपक प्रज्ज्वलित और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं, जिससे उनकी कृपा बनी रहे। यह पहली बार है, जब लगभग 500 वर्ष के संघर्ष के बाद रामलला अपने भव्य मंदिर में दीपावली मना रहे हैं। करोड़ों आस्थावान हिंदुओं के लिए श्रीराम, भगवान विष्णु के सातवें अवतार के साथ राष्ट्रपुरुष के रूप में भी स्थापित हैं। उनका पूरा जीवन ही भारतीय जीवन मूल्यों का मापदंड है। इसलिए जहां सत्कारयोग्य गुरु ग्रंथ साहिबजी में हरि सहित अन्य आराध्यों के साथ प्रभु श्रीराम के नाम का उल्लेख ढाई हजार से अधिक बार है, वहीं गांधी का सच्चा लोकतंत्र, सुराज और सुशासन मुखर तौर पर रामराज्य से प्रेरित रहा।

स्वामी विवेकानंदजी भी श्रीराम-सीता को भारतीय राष्ट्र का आदर्श मानते थे। यह इसलिए भी स्वाभाविक है, क्योंकि रामकथा उन सभी जीवनमूल्यों का मिश्रण है, जो मानव, समाज और विश्व को सुखी और संतुष्ट रहने का रास्ता दिखाता है।

**श्रीराम की जीवनयात्रा का ईमानदार विवेचनात्मक अध्ययन, बहुत से स्थापित मिथकों को ध्वस्त करता है।**

श्रीराम सामाजिक समरसता का आइना हैं। अपने जीवन के सबसे पीड़ादायक दौर में श्रीराम ने सहयोगी और सलाहकार वनवासियों को ही बनाया, जिसमें केवट निषाद, कोल, भील, किरट और भालू शामिल रहे।



**वह पुलस्त्य कुल में जन्मा ब्राह्मण, प्रकांड पंडित, सर्वशक्तिशाली, महान शिवभक्त, सोने की लंका का स्वामी था, परंतु वह आचरण से दुष्ट, कामुक और भ्रष्ट था। इसलिए हनुमानजी ने अधर्म के प्रतीक लंका का दहन, तो श्रीराम ने रावण का वध किया। इससे यह रेखांकित होता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक व्यवस्था की रक्षा हेतु सभ्य समाज को पद-कद-वर्ग आदि की चिंता किए बिना इन जीवन मूल्यों के शत्रुओं को दंडित करना चाहिए।**

अगर श्रीराम चाहते, तो अयोध्या या जनकपुर से सहायता ले सकते थे, लेकिन उनके साथी वे लोग बने, जिन्हें आज आदिवासी, दलित, पिछड़ा या अति-पिछड़ा कहा जाता है। इन सभी को श्रीराम ने सखा कह कर संबोधित किया, तो वनवासी हनुमान को लक्ष्मण से अधिक प्रिय बताया है। भील समुदाय की शबरी माता का पिछड़ापन दोहरा है क्योंकि वे गैर-कुलीन वर्ग की स्त्री हैं। श्रीराम शबरी के झूठे बेर सप्रेम ग्रहण करते हैं।

मां सीता की रक्षा में अपने प्राणों की बाजी लगाने वाले मांसाहारी गिद्धराज जटायु, जोकि वर्तमान में एक निकृष्ट पक्षी है, उन्हें श्रीराम कर्मों से देखते हैं और एक पितातुल्य बोध के साथ उसका अंतिम-संस्कार करते हैं। यह सूचक है कि श्रीराम के लिए केवल कर्म की प्रधानता है, शेष निरर्थक। रावण कौन था?

वह पुलस्त्य कुल में जन्मा ब्राह्मण, प्रकांड पंडित, सर्वशक्तिशाली, महान शिवभक्त, सोने की लंका का स्वामी था, परंतु वह आचरण से दुष्ट, कामुक और भ्रष्ट था। इसलिए हनुमानजी ने अधर्म के प्रतीक लंका का दहन, तो श्रीराम ने रावण का वध किया। इससे यह रेखांकित होता है कि आध्यात्मिक मूल्यों और सामाजिक व्यवस्था की रक्षा हेतु सभ्य समाज को पद-कद-वर्ग आदि की चिंता किए बिना इन जीवन मूल्यों के शत्रुओं को दंडित करना चाहिए। यदि मौजूदा हालात में इस मूल्य को पुनर्स्थापित किया जाये, तो हम स्वस्थ समाज की रचना कर सकते हैं।

एक मनुष्य को प्रत्येक स्थिति में कैसा आचरण करना चाहिए, उसके लिए भी श्रीराम आदर्श हैं। पिनाक (शिवधनुष) टूटने पर जब लक्ष्मण के तानों से महान शिवभक्त परशुरामजी क्रुद्ध हो उठते हैं और दोनों के बीच भीषण टकराव की संभावना बन जाती है, तब श्रीराम अपने विनम्र व्यवहार और मधुर-वाणी से स्थिति को संभालते हैं और क्रोधित परशुरामजी शांत होकर हिमालय चले जाते हैं।

सफलता के शिखर पर पहुंच कर भी एक व्यक्ति को कैसे व्यवहार करना चाहिए, उसका श्रीराम प्रतिरूप हैं। एक शत्रु के प्रति हमारा रवैया कैसा होना चाहिए? जब विभीषण अपने भाई रावण के किये पर शर्मिंदा होकर उसकी देह का अंतिम संस्कार करने में संकोच करते हैं तब श्रीराम कहते हैं, मरणांतानि वैराणि निर्वृत्तं नः प्रयोजनम। क्रियतामस्य संस्कारो ममाप्येष यथा तव।। अर्थात- बैर जीवन काल तक ही रहता है। मरने के बाद उस बैर का अंत हो जाता है।

भारतीय वांग्मयों की मार्क्स-मैकॉले मानसपुत्रों ने अपने कुटिल एजैंडे के अनुरूप गोस्वामी तुलसीदासजी कृत रामायण की चौपाईः ढोल गंवार सूद्र पसु नारी। सकल ताड़न के अधिकारी ।। की शरारतपूर्ण विवेचना की है। श्रीरामचरितमानस को तुलसीदासजी ने अपने शब्दों में पिरोया है। इसमें विभिन्न पात्रों की बातचीत भी है। उसमें शब्द न ही श्रीराम के हैं और न ही रामायण के ऐसे चरित्र के, जिन्हें हिंदू आराध्य मानते हो। सच तो यह है कि श्रीरामचरितमानस में अन्य नारियों के साथ माता शबरी, केवट, निषादराज और गिद्धराज जटायु को जिस श्रेष्ठ भाव से काव्यग्रंथ में चित्रित किया गया है, वह भारतीय समाज के सभी वर्गों (दलित-वंचित सहित) को जोड़ने वाला और सम्मान देने वाला है, परंतु मार्क्स-मैकॉले समूह का मुख्य मकसद समाज से किसी कुरीति को मिटाना नहीं, बल्कि उनका अपने एजेंडे के लिए इस्तेमाल करके असंतोष का निर्माण करना है। श्रीराम का जन्म किसी की हत्या करने हेतु नहीं हुआ। उनका अवतार रावण रूपी अन्याय, दुराचार और घमंड को समाप्त करने हेतु था। श्रीराम की जीवनयात्रा का ईमानदार विवेचनात्मक अध्ययन, बहुत से स्थापित मिथकों को ध्वस्त करता है।

## देश-विदेश की खबरें

**लद्दाख के डेमचोक सेक्टर**

# फिर शुरू हुई भारत और चीन की सेनाओं की गश्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत और चीन के बीच तनाव कम होता नजर आ रहा है। दोनों ही देशों ने लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सेनाओं को पीछे हटाने के वादे को हाल ही मे पूरा किया। इसी कड़ी में भारत-चीन की सेनाओं के बीच दिवाली पर मिठाइयों का भी आदान-प्रदान हुआ। शुक्रवार को दोनों देशों ने सीमाई समझौते का पालन करते हुए गश्त भी शुरू कर दी है। बताया गया है कि अभी दोनों देशों की सेनाओं ने इस गश्त को डेमचोक सेक्टर में शुरू किया है। हालांकि आने वाले दिनों में देपसांग सेक्टर में भी भारतीय और चीनी सैनिकों की गश्त शुरू हो सकती है। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैनिकों के पीछे हटने और गश्त के दोबारा शुरू होने को दोनों देशों के बीच चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को खत्म करने की दिशा में एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर टकराव की स्थिति थी और भारत-चीन संबंध निचले स्तर पर पहुंच गये थे।



**अरुणाचल सीमा पर किरेन रिजिजू ने जवानों के साथ मनायी दिवाली :** अरुणाचल प्रदेश के बुमला पास पर केंद्रीय मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय सेना के जवानों के साथ दिवाली मनायी। इस दौरान उन्होंने भारत के सीमावर्ती इलाकों के विकास की सराहना करते हुए इसकी चीन के विकास से तुलना की। रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, चीनी सैनिकों से बातचीत करने और बुनियादी ढांचे को देखने के बाद हर कोई अब भारत के सीमा विकास पर गर्व महसूस करेगा। उन्होंने आगे कहा, बुमला में हमारे आर्मी जवानों के साथ दिवाली मनायी। उन्होंने कहा, दिन की शुरुआत तवांग आर्मी हेलिपैड पर दिवाली मनाने के साथ की। हमारे बहादुर सैनिकों के साथ दिवाली मनाना मुझे गर्व और आभार का अनुभव कराता है। यह उनके समर्पण और साहस के कारण है कि हमारा देश सुरक्षित है।

## कोलकाता आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला : पीड़िता के परिजनों को नहीं मिला अमित शाह से मिलने का मौका

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर के साथ हुई भयावह घटना को लेकर अभी भी देशभर में गुस्सा है। न्याय और कार्यस्थल की सुरक्षा की मांग को लेकर जूनियर डॉक्टरों का विरोध जारी है। वहीं पीड़िता के माता-पिता ने गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की मांग की थी। हालांकि अब परिजनों का कहना है कि वे 27 अक्तूबर को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान शाह से मुलाकात न हो पाने से वे परेशान नहीं हैं। परिजनों ने 22 अक्तूबर को शाह को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा था। अब पीड़िता के माता-पिता ने उम्मीद जतायी कि भविष्य में उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री से मिलने का अवसर मिल सकता है।

**चुनावी गारंटी पर खड़गे की सलाह के बाद हमलावर हुई भाजपा**

# बेनकाब हो गयी है कांग्रेस : पीएम मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक में 'शक्ति' गारंटी योजना के संदर्भ में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की आलोचना किये जाने के बाद शुक्रवार को विपक्षी पार्टी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस को यह समझ आ गया होगा कि लोकलुभावन वादे करना आसान है, लेकिन उन्हें पूरा करना उसके लिए मुश्किल हो जाता है।

उधर भाजपा ने भी विपक्षी पार्टी को आड़े हाथों लिया और कहा कि उसके शीर्ष नेताओं को जनता को 'मूर्ख बनाकर' वोट लेने के लिए माफी मांगनी चाहिए। मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने खड़गे की टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस ने पहली बार स्वीकार किया है कि उसकी चुनावी घोषणाएं जनता की आंखों में धूल झोंकने के लिए होती हैं।

प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अपने अध्यक्ष के माध्यम से पहली बार स्वीकार किया है कि उसकी चुनावी गारंटी, जनता की आंखों में धूल झोंकने की बात है। कर्नाटक के अलावा तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की ओर से घोषित चुनावी गारंटियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, घोषणा करना, यानी शुद्ध भाषा में जनता को मूर्ख बनाकर वोट लेना। और बाद में योजना को जमीन पर नहीं उतारना। बस, कागज पर ही रहना। यह कांग्रेस का आज का इतिहास नहीं है। गरीबी हटाओ की घोषणा 1971 में हुई। गरीबी हटी क्या? घोषणा करो, कोई पूछने वाला नहीं है। कांग्रेस की कलई खुल गयी है और उसकी सच्चाई सामने आ गयी है। उन्होंने कहा, खड़गे को देश से माफी मांगनी चाहिए। राहुल गांधी भी माफी मांगें। क्या तेलंगाना, क्या कर्नाटक, क्या हिमाचल, वहां की जनता की आंखों में आपने धूल झोंका गया है। हरियाणा के लोग यह समझ गये। प्रसाद ने मजाकिया लहजे में पूछा कि खड़गे को अपना पहला ज्ञान राहुल गांधी को देना चाहिए, जो चुनाव प्रचार के दौरान अक्सर अपनी पार्टी के सत्ता में आने पर विभिन्न वर्गों के खातों में 'खटाखट' पैसे हस्तांतरित करने की बात करते हैं।



### क्या कहा शिवकुमार ने

दरअसल, शिवकुमार ने पिछले दिनों कहा था कि सरकार 'शक्ति' योजना पर फिर से विचार करेगी, क्योंकि कुछ महिलाओं ने सरकारी बसों में यात्रा के लिए भुगतान करने की इच्छा व्यक्त की है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार की इस गारंटी के तहत महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सुविधा प्रदान की जाती है।

### क्या कहा खड़गे ने

खड़गे ने शिवकुमार के इस बयान पर तंज कसते हुए कहा था, आपने कुछ गारंटी दी है। उन्हें देखने के बाद मैंने भी महाराष्ट्र में कहा था कि कर्नाटक में पांच गारंटी हैं। अब आपने (शिवकुमार) कहा कि आप एक गारंटी छोड़ देंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा था कि शिवकुमार ने जो कुछ भी कहा है, उससे कांग्रेस को घेरने का भाजपा को मौका मिल गया है।

# अहंकार में चूर है चुनाव आयोग, जवाब देने की बजाय खुद को ही क्लीन चिट दे रहा : कांग्रेस

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने हरियाणा चुनावों के संबंध में पार्टी की शिकायतों पर केंद्रीय चुनाव आयोग से मिले जवाबों पर ना सिर्फ असंतुष्टि जतायी है, बल्कि उस पर आरोप लगाया है कि आयोग ने हरियाणा चुनाव से संबंधित शिकायतों पर स्पष्टीकरण देने के बजाय गोलमोल जवाब दिये। इतना ही नहीं, कांग्रेस ने आयोग को अहंकार से लबरेज बताया है। मुख्य चुनाव आयुक्त को तीन पन्ने की लिखी चिट्ठी में कांग्रेस ने तंज कसा है कि अगर आयोग का यह लक्ष्य है कि वह अपने तटस्थ स्वरूप को पूरी तरह खत्म करना चाहता है, तो वह इस दिशा में उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने चिट्ठी में लिखा, इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आयोग ने खुद को क्लीन चिट दी है। पार्टी ने लिखा है कि हरियाणा चुनाव से संबंधित शिकायतों पर आयोग के जवाब का लहजा अहंकार भरा था, जबकि हरियाणा चुनाव को लेकर हमारी शिकायतें स्पष्ट थीं। पार्टी ने आरोप लगाया है कि आयोग ने पहले की तरह ढुलमुल रवैया अपनाते हुए शिकायतों को रफा-दफा कर दिया है। कांग्रेस द्वारा भेजे गये इस पत्र पर पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी और कुछ अन्य नेताओं के हस्ताक्षर हैं।

बता दें कि निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितता से संबंधित कांग्रेस के आरोपों को गत 29 अक्टूबर को खारिज कर दिया था और कहा था कि पार्टी पूरे चुनाव नतीजों की विश्वसनीयता के बारे में उसी तरह का संदेह पैदा कर रही है, जैसा उसने अतीत में किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजे एक पत्र में आयोग ने कहा था कि इस तरह के तुच्छ और बेबुनियाद संदेह अशांति पैदा करने की क्षमता रखते हैं, खासकर मतदान और मतगणना जैसे महत्वपूर्ण चरण में, जब राजनीतिक दलों और जनता की बेचैनी चरम पर होती है।

आयोग को भेजे जवाबी पत्र में कांग्रेस ने कहा, हमने हमारी शिकायतों पर आपकी प्रतिक्रिया का ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि आयोग ने खुद को क्लीन चिट दे दी है। हम आम तौर पर इसे छोड़ देते। लेकिन आयोग की प्रतिक्रिया का लहजा और भाव, इस्तेमाल की गयी भाषा तथा कांग्रेस के खिलाफ लगाये गये आरोप हमें प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर करते हैं।

# कचरे से बिजली बनाने के संयंत्र का अमित शाह ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में कचरे से अब बिजली बनायी जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अहमदाबाद में 15 मेगावाट के बिजली संयंत्र का उद्घाटन किया। राज्य सरकार ने बताया कि 375 करोड़ की लागत से अहमदाबाद के पिपलाज गांव में पीपीपी मॉडल पर प्लांट का निर्माण कराया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने 15 मेगावाट के प्लांट का उद्घाटन किया। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने प्लांट का दौरा करके अधिकारियों से संचालन के बारे में जानकारी एकत्र की।

राज्य सरकार के मुताबिक प्लांट से जहां एक ओर बिजली का उत्पादन होगा, वहीं दूसरी ओर शहर को साफ रखने और प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। इस प्लांट में प्रतिदिन शहर के एक हजार मीट्रिक टन कचरे से 15 मेगावाट बिजली बनायी जायेगी।

# राहुल गांधी ने पहले की घर की पुताई फिर कुम्हार के घर जाकर बनाये दीये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को दिवाली का एक वीडियो साझा किया है। इसमें वे पेंटिंग करने वाले श्रमिकों और कुम्हारों से बातचीत कर रहे हैं। वीडियो में राहुल गांधी ने एक ऐसी व्यवस्था बनाने का आह्वान किया, जिसमें लोगों के कौशल का उनको हक और सम्मान मिले। राहुल गांधी ने कहा है कि दिल्ली के लुटियन क्षेत्र स्थित सरकारी आवास 10 जनपथ उन्हें बहुत ज्यादा पसंद नहीं हैं, क्योंकि यहीं रहते हुए उनके पिता राजीव गांधी की मृत्यु हुई थी। नौ मिनट से अधिक लंबे इस वीडियो को यूट्यूब पर पोस्ट करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिखा कि खास लोगों के साथ एक यादगार दिवाली। मैंने इस दिवाली को कुछ चित्रकार भाइयों के साथ काम करके और एक कुम्हार परिवार के साथ मिट्टी के दीये बनाकर मनाया।

इस दौरान वीडियो में राहुल गांधी ने कहा, मैंने उनके काम को करीब से देखा। उनके कौशल को सीखने की कोशिश की और उनकी कठिनाइयों और समस्याओं को समझा। वे घर नहीं जाते। हम खुशी से त्योहार मनाते हैं और कुछ पैसे कमाने के लिए वे अपने गांव, शहर, परिवार को भूल जाते हैं।

इस वीडियो में राहुल गांधी अपने भांजे से कहते हैं, यहां मेरे पिता की मौत हुई, इसलिए मुझे यह मकान बहुत ज्यादा पसंद नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में आतंकवादियों ने हत्या कर दी थी। उस वक्त राजीव गांधी का आधिकारिक आवास 10 जनपथ था। इसके बाद से उनकी पत्नी एवं कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी इसी आवास में रहती हैं।

पिछली लोकसभा में एक अदालती फैसले के कारण अपनी सदस्यता जाने के बाद राहुल गांधी ने पिछले साल तुगलक लेन स्थित अपना आवास खाली कर दिया था और इसके बाद से वह अपनी मां के साथ रह रहे हैं।

## समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुईं अमृतांजली दुबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा पूर्वी क्षेत्र के जिला पार्षद सह झामुमो नेत्री अमृतांजली दुबे ने गुरूवार को अपने समर्थकों के साथ झामुमो छोड़ भाजपा में शामिल हो गयी। भाजपा प्रत्याशी सत्येंद्रनाथ तिवारी ने जिला पार्षद सहित पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि जनता रूझान भाजपा की ओर स्पष्ट दिख रहा है। भाजपा चुनाव में जीत दर्ज कर चुकी है। अब सिर्फ अंतर की लड़ाई चल रहा है। गढ़वा में भाजपा बड़े अंतर से चुनाव में जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता मंत्री का पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल से ऊब चुकी है। मंत्री ने अपने शासनकाल के दौरान सभी लोगों का अभिव्यक्ति की आजादी को ही छिन लिया था। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में मंत्री को अपना जमानत बचाना मुश्किल होगा। जिला पार्षद ने कहा कि वह झामुमो में घूटन महसूस कर रही थी। वहां पर किसी को भी बोलने की आजादी नही है। मंत्री खुद को वन मैन आर्मी की तरह व्यवहार करते है। वह धन बल की राजनीति को छोड़कर धर्म की राजनीति को चुनी है। यहीं कारण रहा है कि वह भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। पूर्व सांसद सह भाजपा के स्टार प्रचारक घूरन राम ने कहा कि गढ़वा सहित पूरे पलामू प्रमंडल में भाजपा की सभी नौ सीट जनता नरेन्द्र मोदी के झोली में डालने के लिए बेताब है।

## भाजपा में शामिल होने का सिलसिला जारी




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर विस क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों से दूसरे दलों के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को टूटकर भाजपा में शामिल होने की सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के गढ़वा जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता एवं जिला प्रवक्ता विजय महतो के नेतृत्व में भवनाथपुर और विशुनपुरा प्रखंड के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। उक्त सभी को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने अपने आवास पर पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। भाजपा में शामिल होने पर जेएलकेएम पार्टी के लोगो ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा अपने विस क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों को देखते हुए हम सभी भाजपा में शामिल हुए है। कहा कि भवनाथपुर विधानसभा का सर्वांगीण विकास विधायक भानु और भाजपा के द्वारा ही संभव है। कहा कि विधायक के तौर पर भानु प्रताप शाही ही विस क्षेत्र से एकमात्र विकल्प है। उक्त सभी विधायक भानु को आगामी चुनाव में जिताने का संकल्प लिया। भाजपा में शामिल होने वालों में जेएलकेएम पार्टी के राजू गुप्ता, दीपक प्रसाद, उपेंद्र गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रेमचंद, रोहित ठाकुर, मुन्ना महतो, उपेंद्र, ओमप्रकाश, नंदन महतो, पप्पू बियार, उदय महतो, अतुल गुप्ता, मिथलेश यादव, मोतीचंद साह, सिपाही साह, राजेश साह, इंद्रदेव बियार, पंकज विश्वकर्मा, फागू, शत्रुधन गुप्ता सहित अन्य लोगो का नाम शामिल है।

## इंदर सिंह नामधारी ने किया चुनावी दौरा



**भंडरिया (आजाद सिपाही )।** डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इन्दर सिंह नामधारी ने पाट, फकीराडीह, चपलसी तिहारो, हारता का दौरा कर निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी का चुनाव प्रचार के दौरान भंडरिया प्रखंड मे दलीप सिंह नामधारी के वोटिंग करने का अपील करते हुए चुनाव चिन्ह सिलाई मशीन छाप पर मतदान करने की अपील की। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया विधानसभा क्षेत्र मे हमने 25 साल प्रतिनिधित्व किए हैं और क्षेत्र भ्रमण के दौरान हमने जो कार्य छोड़ कर गये हैं वह कार्य अभी तक अधूरा है। पूर्व विधायक व वर्तमान विधायक के द्वारा अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है जब की 15 बरस के अंदर इस डाल्टनगंज चैनपुर भंडारिया का क्षेत्र अभी तक अधूरा पड़ा है अपने मत देकर विधानसभा भेजते हैं तो उसअधूरे कार्यों को पूरा कराने का काम करेंगे इस चुनाव प्रचार मे नामधारी समर्थक विनोद केसरी बबलू सिंह रविंद्र सिंह मदन केसरी विनोद गोस्वामी रॉबिंसन कच्छप आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी दीपावली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। घरों तथा वाहन आदि की साफ सफाई के बाद शाम को पूजा अर्चना के बाद दीप जलाकर दीपावली मनाया गया। लोगों ने अपने घरों में रंगोली बनाकर एवं दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने केले का थंब एवं गेंदा फूल के अलावा रंग-विरंगे झालरों से दुल्हन की तरह सजाया गया।

# विपक्षी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें उनकी जमानत होगी जब्त : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा है कि विपक्षी चाहे जितने भी ताकत लगा लें, जितने भी हथकंडे अपना लें परंतु इस विधानसभा चुनाव में उनकी जमानत जब्त हो जायेगी। अब जनता को कोई गुमराह नहीं कर सकता है। जनता सब कुछ जानती और समझती है। मंत्री श्री ठाकुर अपने आवास पर शामिल होने वाले लोगों को संबोधित कर रहे थे। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से 500 से अधिक की संख्या में लोगों ने मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचकर उनके प्रति समर्थन व्यक्त करते हुए झामुमो का दामन थाम लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला और पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल किया।



मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि जनता की ताकत ही हमारी असली ताकत है। लोकतंत्र की चाबी जनता के हाथ में होती है। अब गढ़वा के लोग किसी के झूठ-सच के बहकावे में आने वाले नहीं हैं। विकास के प्रति सभी लोग समर्पित हैं। सभी ने इस बार विकास का साथ देते हुए विकास विरोधियों को धूल चटाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर चुनाव में 13 तारीख को तीर धनुष छाप पर वोट देकर उन्हें भारी मतों से जीत दिलायें एवं विकास विरोधियों को सबक सिखायें।

# चुनाव प्रेक्षकों ने उम्मीदवारों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के साथ चुनाव आयोग के सामान्य प्रेक्षक सारांश मित्तर, पुलिस प्रेक्षक सुलेमान चौधरी व व्यय प्रेक्षक दिनेश गुप्ता ने सामूहिक बैठक की। बैठक का संचालन निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। शुक्रवार को अपराह्न में जिला समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में उम्मीदवारों व उनके चुनाव अभिकर्ताओं ने भी प्रेक्षकों के समक्ष अपनी-अपनी बात रखी। सामान्य प्रेक्षक सारांश मित्तर ने सभी उम्मीदवारों व उनके अभिकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हमारा देश दुनिया में सर्वश्रेष्ठ लोकतंत्र का उदाहरण है, इसलिए इस विधानसभा चुनाव में भी सभी प्रत्याशी स्वस्थ लोकतंत्र की परंपराओं का अनुसरण करते हुए भयमुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में मतदाताओं को निष्पक्ष और स्वतंत्र परिवेश उपलब्ध करवाने में अपनी भी सकारात्मक भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव से जुड़े सभी पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का अक्षरशः अनुपालन करवाने हेतु प्रतिबद्ध हैं, अतः सभी प्रत्याशी आदर्श आचार संहिता का समुचित सम्मान करेंगे।



# दहेज के लिए विवाहिता और मायकेवालों को पीटा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग गांव में पार्वती देवी पति अनूप शर्मा को उसके ससुराल के लोगों ने मायके से दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हद तो तब हो गयी, जब महिला के साथ मारपीट की सूचना पर उसके माता-पिता और भाई उसके ससुराल पहुंचे, तब ससुराल पक्ष के लोगों ने उनके साथ भी मारपीट कर दिया। पार्वती देवी को बेहोशी की हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार पलामू जिले के मेदिनीनगर के हमीदगंज मोहल्ला निवासी युगल शर्मा की पुत्री पार्वती का विवाह चार वर्ष पूर्व तिलदाग निवासी गोविंद शर्मा के पुत्र अनूप शर्मा के साथ हुई। दंपती को एक पुत्री भी है। विवाह के बाद ही पार्वती का पति अनूप शर्मा, उसकी सास ललिता देवी, ससुर गोविंद शर्मा, देवर सूरत शर्मा, ननद अनु कुमारी एवं छोटी कुमारी द्वारा दहेज में मोटरसाइकिल लाने का दबाव देते हुए उसके साथ अक्सर मारपीट किया जाने लगा। इसे लेकर कई बार पंचायती भी हुई। लेकिन पार्वती की प्रताड़ना में कमी नहीं आयी। बताया गया कि गुरुवार को पार्वती देवी के साथ मारपीट की गई। तब वह तिलदाग गांव में ही एक पड़ोसी के घर में छुप कर जान बचायी। इसकी सूचना मिलने पर शुक्रवार की सुबह में पार्वती की मां सुनैना देवी, पिता युगल शर्मा एवं भाई राज शर्मा तिलदाग पहुंचे। वे लोग घायल पार्वती को लेकर इलाज कराने के लिए गढ़वा आने लगे, तब अनूप शर्मा एवं उसके परिवारवालों ने पार्वती देवी, युगल शर्मा, सुनैना देवी एवं राज शर्मा के साथ मारपीट कर दिया। इस घटना को लेकर गढ़वा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## सगमा में खुला भाजपा का चुनाव कार्यालय

**सगमा/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सगमा में मुख्यपथ स्थित सदानंद यादव के मकान में भाजपा का चुनाव कार्यालय खुला इस मौके पर मंडल स्तर के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे। चुनाव कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव ने कहा की सगमा मंडल चल रहे चुनाव प्रचार तथा कार्यकताओं के सुविधा को देखते जब मुख्य पथ पर खैर बाबा शिव मंदिर के पास उक्त कार्यलय को खोला गया है ताकि किसी भी कार्यकर्ताओं को कोई दिकत नहीं हो। उन्होंने कहा की सगमा प्रखंड की जनता भाजपा के साथ है इस बार पूर्व की अपेक्षा डेढ़ गुना अधिक मत से विपक्ष को करारा जवाब मिलने जा रहा है।

## रारो में निकली मतदाता जागरूकता रैली

**डंडई/ गढ़वा (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड के रारो पंचायत में स्वीप कोषांग गढ़वा के निर्देश पर नोडल अधिकारी अरविंद कुमार, रोजगार सेवक बृजमोहन राम के नेतृत्व में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। मतदाता जागरूकता रैली रारो गांव के खटखरिया टोला प्राथमिक विद्यालय से चलकर पंचायत के विभिन्न टोला व मोहल्ला में भ्रमण कराया गया। रैली में काफी संख्या में महिला व पुरुष मतदाताओं ने जागरूकता रैली में भाग लिया।

अनुलग्नक 47
प्रारूप C-1 से C-8 तथा CA
प्रारूप

**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )**

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायलय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और आर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यार्थी का नाम और पताः **सत्येन्द्र नाथ तिवारी, ग्राम-बेलहारा, पो.-बेलहारा, थाना-गढ़वा, जिला-गढ़वा, झारखंड, पिन-822114**

राजनीतिक दल का नामः **भारतीय जनता पार्टी**

निर्वाचन का नाम : **80 झारखंड विधान सभा का आम चुनाव**

निर्वाचन क्षेत्र का नामः **80 गढ़वा**

मैं **सत्येन्द्र नाथ तिवारी** (अभ्यर्थी का नाम ), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यार्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्वव्रित्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूंः

| क्र. सं. | न्यायालय नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | सबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मु० न्या० दण्डा. गढ़वा | गढ़वा–थाना काण्ड सं. 223/2021 दिनांक:5/6/2021 | आरोप पत्र के लिए लंबित | 188, 268, 269,270 353 भा.द.वि. एवं 51,56 डी में एक्ट, लॉकडाउन में लोकसेवक के आदेश के बिना बलपूर्वक धरना प्रदर्शन करते हुए जाम की स्थिति करते हुए सरकारी कार्य में बाधा |
| 2. | अपर मु० न्या० दण्डा. गढ़वा | GR 248/22 30.08.2021 | आरोप पत्र के बाद उपस्थित हेतु | 188, 269, 270, 353 भा.द.वि. एवं 51 डी में एक्ट, लॉकडाउन में सरकारी आदेश का उल्लंघन करते हुए घंटाघर पर प्रदर्शन करना बलपूर्वक सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करना |
| 3. | मु. न्या. दण्डा. गढ़वा | परिवाद सं. 292/22 दिनांक 06.02.2022 | साक्ष्य हेतु | 500 भा.द.वि. प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आपराधिक आरोप लगाकर पारिवादी का छवि धूमिल करना |
| 4. | मु. न्या. दण्डा. गढ़वा | गढ़वा–थाना काण्ड सं. 541/24 दिनांक: 13.10.2024 | अनुसंधान हेतु | 223,292,196 भा.द.वि. एन.एस. ग्राम लखना में लोक सेवक के आदेश का अवहेलना कर अपने x हैंडल से दो समुदायों के बीच सौहार्द बिगाड़ने का भाषा पोस्ट करना |
| 5. | न्या. दण्डा. प्रथम क्षेणी, रांची | लालपुर–थाना काण्ड सं.:203/24 दिनांक 23.08.2024 | अनुसंधान जारी | 191(2)(3), 190/115(2),117(2), 109/121 125/132/324(2),351(2)/352/61(2) वी. एन.एस, एक्ट/युवा मोर्चा रैली को भाषण से भड़का, कर पुलिस पर पथराव बैरिकेटिंग तोड़ना आदेश का उल्लंघन करना |
| 6. | विशेष न्यायाधीश सी.बी.आई, पी.के. शर्मा, रांची | RC 14A/09(R) दिनांकः 16.09.2009 | पुलिस पेपर हेतु | 120(B) 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. 13(2) R/W. 13(1)(d) पीसी एक्ट आपराधिक षड्यंत्र रच जालसाजी कर जाली पेपर अलकतरा को लगाकर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाना एवं गबन करना |
| 7. | विशेष न्यायाधीश सी.बी.आई, पी.के. शर्मा, रांची | RC 1A/10(R) दिनांकः 16.02.2010 | पुलिस पेपर हेतु | 120(B) 420, 467, 468, 471 भा.द.वि. 13(2) R/W. 13(1)(d) पीसी एक्ट आपराधिक षड्यंत्र रच कर जाली पेपर अलकतरा को लगाकर सरकारी राजस्व को क्षति पहुंचाना |

(B) दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों को विवरणः लागू नहीं होता

ह/0
**सत्येन्द्र नाथ तिवारी**

# गढ़वा में रोड साइक्लिंग चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ ने रोड साइकिलिंग चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024 के आयोजन की जानकारी दी है। इसमें सीनियर, जूनियर, और सब-जूनियर वर्गों के महिला, पुरुष, बालक, और बालिका साइकिलिंग खिलाड़ियों से 2 नवंबर 2024 को दोपहर 12:15 बजे राम साहू आउटडोर स्टेडियम में रिपोर्ट करने का अनुरोध किया गया है। खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र या बोनाफाइड सर्टिफिकेट लाना आवश्यक होगा। प्रतियोगिता के नियम व शर्तें गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ द्वारा निर्धारित की गयी हैं, जिनका पालन करते हुए खिलाड़ी इस जिला स्तरीय चयन ट्रायल में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ी गढ़वा जिला का प्रतिनिधित्व करते हुए 2024 की राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे, जिसका आयोजन रांची के खेल गांव में 3 और 4 नवंबर को किया जायेगा। प्रतिभागियों को जिला स्तरीय ट्रायल में 50 की एंट्री फीस आयोजन स्थल पर जमा करनी होगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए खिलाड़ियों को 3 नवंबर को सुबह 10:30 बजे तक खेल गांव रांची में रिपोर्ट करना है।गढ़वा जिला साइकिलिंग संघ ने रोड साइकिलिंग चयन ट्रायल प्रतियोगिता 2024 के आयोजन की जानकारी दी है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in
08

## समाहरणालय में मनायी गयी सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर जिला प्रशासन लोहरदगा के पदाधिकारियों व कर्मियों की ओर से उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर समाहरणालय सभागार लोहरदगा में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को एकता शपथ भी दिलायी गयी। उपायुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए स्वयं को समर्पित करने, देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने हेतु सत्यनिष्ठा का संकल्प करने, देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने की शपथ दिलायी गयी। इस मौके पर परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला शिक्षा पदाधिकारी निलम आइलीन टोप्पो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, सामान्य शाखा प्रभारी अभिनीत सूरज समेत जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा-बेड़ो मुख्य सड़क में नौडीहा चौक के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्थानीय ग्रामीण और भंडरा थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया। जहां एक गंभीर रुप से घायल भंडरा थाना क्षेत्र के बेदाल गांव निवासी बसिया उरांव के पुत्र मंगू उरांव (40 वर्ष) को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बेदाल गांव निवासी बसिया उरांव के पुत्र मंगू उरांव अपने मोटर साइकिल से चट्टी की ओर जा रहा था, इसी दौरान नौडीहा चौक में पैदल सड़क पार कर रहे भंडरा यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के गार्ड ईटा बरही गांव निवासी शिव शंकर (35 वर्ष) को टक्कर मार दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे दोनों को गंभीर चोटें आयी है। इधर घटना की सूचना मिलते ही गश्त कर रहे भंडरा थाना पुलिस ने घटना स्थल पहुंच स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## रिलोकेशन को लेकर लातेहार डीसी ने की बैठक




**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की संयुक्त अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर रिलोकेशन हेतु चिंहित/ प्रस्तावित मतदान केंद्रों पर विचार विमर्श हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, अभ्यर्थी के साथ में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में कुल 44 मतदान केंद्रों के रिलोकेशन हेतु चिंहित/ प्रस्तावित मतदान केंद्रों, मतदान केंद्रों के सुव्यवस्थीकरण के संबंध में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा कुल 44 मतदान केंद्रों के रिलोकेशन हेतु सहमति प्रदान की गयी। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष, सचिव, अभ्यर्थी उपस्थित थें।

## आज सेन्हा में होगी शिवराज सिंह चौहान की जनसभा

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के विशुनपुर विधानसभा चुनाव प्रत्याशी समीर उरांव के चुनाव प्रचार को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी सह मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विशाल जनसभा 2 नवंबर को एक बजे से सेन्हा थाना के समीप रामनगर स्थित मैदान में होगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। भाजपा के सिसई एवं विशुनपुर विधानसभा प्रभारी सह पूर्व विधानसभा पार्षद प्रवीण सिंह ने बतलाया कि झारखंड प्रदेश प्रभारी सह केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान वायुमार्ग से सेन्हा पहुचेंगे। जहां जनसभा को संबोधित करेंगे।

# पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए लोहरदगा में नौ सुविधा केंद्र तय

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारियों/ कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए सुविधा केंद्र निर्धारित कर दिये गये हैं। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा 03 नवंबर से प्रारंभ हो जायेगी। जो पदाधिकारी व कर्मी विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में निर्वाचन कार्यों में संलग्न है उनके लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट करने के लिए जिला में सुविधा केंद्र निर्धारित कर दिये गये हैं। ऐसे पदाधिकारी और कर्मी अपना वोट पोस्टल बैलेट के माध्यम से 03 नवंबर से 11 नवंबर 2024 तक सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में बनाये गये तीन पोस्टल वोटिंग सेंटर में कर सकते हैं। एक सुविधा केंद्र पुलिस लाइन, लोहरदगा में भी रहेगा, जहां तीन पोस्टल वोटिंग सेंटर बनाया गया है। पुलिस लाइन, लोहरदगा में भी निर्वाचन कार्य में लगे पदाधिकारियों/ कर्मियों के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से वोटिंग 03 से 11 नवंबर 2024 को सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक होगी। मतदान कार्य में संलग्न पदाधिकारी व कर्मीगण के लिए प्रखंड कार्यालय, लोहरदगा (डिस्पैच सेंटर) में भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा होगी, जहां 12 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से दोपहर 03 बजे तक वोटिंग होगी। यहां 02 पोस्टल वोटिंग सेंटर होंगे। एक अन्य पोस्टल वोटिंग सेंटर समाहरणालय लोहरदगा में भी बनाया गया है जहां 08 नवंबर से 10 नवंबर तक सुबह 09 बजे से शांम पांच बजे तक वोटिंग की सुविधा होगी।

### तीन से होगी होम वोटिंग

85 वर्ष की उम्र से अधिक और दिव्यांग (40 प्रतिशत से अधिक) मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा 03 से 07 नवंबर तक (फर्स्ट विजिट) तथा 09 नवंबर से 10 नवंबर (सेकंड विजिट) के बीच मिलेगी। यह वोटिंग सुबह 10 बजे से शाम 05 बजे तक सभी प्रखंडों में होगी। इसके लिए कुल 11 टीमें बनायी गयी हैं।

## बरवाडीह में पुलिस-प्रशासन ने आदिम जनजाति परिवार के साथ मनायी दीपावली



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के हेंदेहास गांव के आदिम जनजाति परिवार की दीपावली इस बार यादगार हो गयी। जहां गुरुवार देर शाम गांव के आदिम जनजाति परिवार के बीच दीपावली मनाने बरवाडीह पुलिस परिवार के सर्किल इंस्पेक्टर संजय गुप्ता, थाना प्रभारी राधे श्याम कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर राजन अधिकारी, सअनि अनवर अंसारी पहुंचे। पुलिस अधिकारियो ने परहिया परिवार के बच्चों के साथ दीप जलाया, उसके बाद सभी को मिठाई खिलाने के बाद पटाखे फोड़ जमकर दीपावली का उत्सव मनाते हुए दिन को यादगार बना दिया गया। पुलिस के इस व्यवहार से लोगों के चेहरे पर खुशी झलकने लगी। थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने कहा कि त्यौहार की खुशियां पूरे परिवार के साथ मिलकर मनानी चाहिए हम सब पुलिस के कर्तव्यों के कारण वे अक्सर अपने परिवार से दूर रहते हैं। इसलिए उन्होंने इन गरीब परिवारों को अपना परिवार मानते हुए उनके साथ त्यौहार मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहां इस प्रकार के सामाजिक कार्यों से हमें बहुत खुशी मिलती है। वही सर्किल इंस्पेक्टर संजय कु गुप्ता ने कहां कि अपनो के साथ दूसरों के घरों में भी दीप जले मिठाई बटे तभी तो होगी दीवाली। ऐसा करने से समाज में फैली कुरितियां खत्म होंगे उंच नीच के भेद समाप्त होंगे। इस दौरान पुलिस के दर्जनों जवान सहित गांव के महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद थे।

## कल मनायी जायेगी भैया-दूज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** रक्षा बंधन की तरह ही देशभर में भाई-बहन के परस्पर प्रेम और स्नेह का प्रतीक भैया दूज का पर्व दिवाली के बाद कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाया जाता है।

# डीआइजी अनुप बिरथरे पहुंचे लोहरदगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जोन के डीआईजी अनुप बिरथरे लोहरदगा पहुंचे। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां और जिले के थानेदारों के साथ बैठक कर लोहरदगा में विधानसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विधानसभा चुनाव को लेकर अबतक 2 करोड़ रुपए के माइनिंग और नगद की बरामदगी लोहरदगा पुलिस की ओर से की गयी है। जिसे लेकर डीआइजी अनुप बिरथरे ने लोहरदगा पुलिस की तारीफ कर कहा जिले में पुलिस विभाग द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। अबतक 2 करोड़ रुपये की बरामदगी की गयी है और आगे भी कार्रवाई की जायेगी।

# डीसी ने पौधरोपण कर मतदान की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाताओं कि अधिक से अधिक भागीदारी हो से लेकर स्वीप कोषांग लोहरदगा कि ओर से शुक्रवार को सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में 'वन वोट फॉर टुडे, वन प्लांट फॉर टुमॉरो' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा पौधरोपण कर मतदान की अपील की गयी। पौधरोपण के जरिये संदेश दिया गया कि जिस प्रकार एक पौधा बड़ा होकर वृक्ष बनता है और कई वृक्ष मिलकर वन का निर्माण करते हैं। उसी प्रकार एक-एक वोट से मजबूत लोकतंत्र का निर्माण होता है। कार्यक्रम में उपायुक्त द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों व कर्मियों आंगनबाड़ी कर्मियों को मतदाता शपथ दिलायी गयी। मतदाता शपथ में सभी ने देश कि लोकतांत्रिक परम्पराओं कि मर्यादा को बनाये रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन कि गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपनी मताधिकार का प्रयोग करने कि शपथ ली। कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, प्रखंड विकास पदाधिकारी लोहरदगा, भंडरा प्रखंड के सहायक तकनीकी प्रबंधक अजय कुमार, स्वीप कोषांग के पदाधिकारी/ कर्मी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका, प्रखंड कार्यालय के पदाधिकारी/ कर्मी आदि उपस्थित थे।

## Format C-2

(for candidate to publish in Newspaper, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidate set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

Name of Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY2024**

Name of state /UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl . No. | Name of Constituency | Name of Candidate | (A)Pending criminal cases | | (B)Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of court , case No. & status of the case (s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 20 BARKATHA , JHARKHAND | JANKI PRASAD YADAV | 79-JUDICIAL RAILWAY COURT (DHANBAD) 7910569/2020 Appearance | 145,146, 147 ,174 (a) RAILWAY ACT | NIL | NIL | NIL |

In the case of election to Council of states or election to Legislative Council by MLAs , mention the election concerned in place of name of constituency.



# सरयू राय ने किया जनसंपर्क



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी सरयू राय ने विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। शुक्रवार को श्री राय ने तिलगढ़ा, सिद्धू-कान्हो बस्ती, रूपनगर, निर्मलनगर,आजाद बस्ती में अभियान चलाया।मौके पर स्थानीय लोगों ने शुद्ध पिया जल के लिए उनसे शिकायत की।

श्री राय ने कहा वह बस्तीवासियों से कहना चाहते हैं वो पेयजल कनेक्शन के लिए आवेदन करें। यदि उनसे अधिक शुल्क मांगा जाता है तो इसकी सूचना मुझे दें। उन्होंने कहा विगत पांच वर्षों में यदि ऐसी स्थिति पैदा हुई है तो इसके पीछे कोई न कोई कारण अवश्य है। जनसुविधा उपलब्ध कराना टाटा लीज समझौता के तहत टाटा स्टील यूआईएसएल का दायित्व है। उन्हें यह दायित्व सरकार द्वारा निर्धारित दर पर ही पूरा करना है। हर हालत में बस्तिवासियों से उतना ही शुल्क ले जितना सरकार ने निर्धारित किया है। जो भी बस्ती वासी आर्थिक दृष्टि से कमजोर एवं गरीबी रेखा से नीचे है उन्हें पेयजल का मुफ्त कनेक्शन दिलवाया जायेगा। यह सरकार के निर्णय में प्रावधान है। श्री राय ने कहा टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा घरों में पेयजल कनेक्शन के लिए 30 हजार से 40 हजार रुपए का अधिष्ठापन शुल्क मांगा जा रहा। यह बस्ती वालों के सामर्थ्य से कहीं ज्यादा है। उन्होंने इस संबंध में टाटा स्टील यूआइएसएल के महाप्रबंधक से वार्ता की। उन्हें बताया टाटा लीज समझौता के अनुसार पानी का कनेक्शन के लिए उतना ही शुल्क लेना है, जितना झारखण्ड सरकार ने नगरपालिकाओं के लिए निर्धारित किया। इसके साथ ही झारखंड सरकार द्वारा जारी की गई अधिष्ठापन नियमावली में यह भी अंकित है गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों से पेयजल कनेक्शन अधिष्ठापन शुल्क नहीं लिया जायेगा। टाटा स्टील यूआईएसएल महाप्रबंधक ने बताया शुल्क उतना ही लिया जाता है जितना कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित है। यदि किसी को शुल्क की शिकयत है तो वह कार्यालय से संपर्क कर सकते। उन्होंने कहा किसी भी सूरत में बस्तिवासियों से पेयजल कनेक्शन अधिष्ठापन का अधिक शुल्क नहीं लिया जायेगा।

शपथ पत्र



शपथ पत्र सं. 677 दिनांक 29.10.2024 के अनुसार मैं, अशोक पासवान पिता कारू पासवान, उम्र लगभग 40 वर्ष, धर्म-हिन्दू, निवास ग्राम - गयपहाड़ी, पो.-कल्हाबाद, थाना-बरकट्ठा, जिला - हजारीबाग, राज्य - झारखंड का निवासी हूं, शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं जो निम्न प्रकार है :-
1.यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2.यह कि मेरा आधार कार्ड संख्या 5972 8863 9054 है।
3.यह कि मेरा पुत्र का वास्तविक नाम सोनु कुमार पासवान है जो उसके विद्यालय के शैक्षणिक प्रमाण पत्र में अंकित है ।
4.यह कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड संख्या 2890 3847 6493 में उसका देव कुमार पासवान अंकित हो गया है जो पुकारू नाम है ।
5.यह कि मैं अपने पुत्र के आधार कार्ड में उसका वास्तविक नाम सोनु कुमार पासवान अंकित करवाना चाहता हूँ।
6.यह कि मैं यह, शपथ पत्र अपने पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम सुधार हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ जो समय पर काम आवे ।
7.यह कि उपरोक्त विवरण मेरे कथनानुसार टंकित करवाया गया है ।
8.यह कि उपरोक्त विवरण में मेरे द्वारा सत्य व सही बताया गया है गलत पाये जाने पर मैं कानूनन दण्ड का भागी बनूंगा ।

## Format C-2

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors.

Name of Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA**

* Name of Election:**JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTION 2024**

Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4 | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No . | Name of candidate | Name of constituency | Pending criminal cases | | Details about cases of Conviction for criminal offences | |
| | | | Name of Court, Case No. & statusOf the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief Description of offence(s) | Name of Court & date (s)of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1. | 1. MD TAJUDDIN | 01, RAJMAHAL | ACJM RAJMAHAL, Ranga P.S-67/2016 Case No. GR No. 499/2016 | Section- 379, 342, 353/54 of I.P.C, JMMC rule 2004, Sec. 54 and rule 9 of Jharkhand minerals transit regulation 2005 *Theft of mining property | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## बसिया में देशी कट्टा बनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापती के नेतृव में बसिया पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। पुलिस ने थाना क्षेत्र के पंथा गांव में एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्बेभेन करते हुए अवैध देशी कट्टा का निर्माण करने वाले एक अपंग व्यक्ति 24 वर्षीय राजेंद्र लोहरा को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया हैं। इस मामले में बसिया थाना परिसर में प्रेस वार्ता कर एसडीपीओ नजीर अख्तर ने बताया कि पुलिस को गुप्त सुचना मिली थीं कि पंथा निवासी राजेंद्र लोहरा के द्वारा अपने घर में अवैध देशी कट्टा का निर्माण कर खरीद बिक्री किया जाता हैं। इसकी सुचना वरीय पदाधिकारियों को देते हुए एसडीपीओ नजीर अख्तर द्वारा थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापती के नेतृव में एक छापेमारी दल का गठन किया गया। छापेमारी दल में उपस्थित पुलिस बल के साथ राजेंद्र लोहरा के घर कि घेराबंदी कर घर में छापेमारी कि गई जहाँ लगभग 44 सीएम का लोहे का पाईप 6 पीस,26 सीएम का स्टेनलेस स्टील का पाईप 9 पीस, 20सीएम का एक लोहे का पलास,एक-एक 28 सीएम एवं 33 सीएम का देशी रेती,एक हथोड़ा, 70 सीएम का लकड़ी का डम्मी नुमा बट,70 सीएम का लोहे का बैरल, एक अर्धनिर्मित देशी कट्टा, एक लोहे कटिंग करने कि मशीन, एक स्प्रिंग, एक प्लास्टिक का खिलौना बन्दुक, एक आरी का ब्लेंड बरामद किया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी युधिष्ठिर कुमार प्रजापती, पुअनि संजय मुंडा, आरक्षी दिलीप होरो,आरक्षी पैकस किंडो, आरक्षी दिलीप कुमार प्रमाणिक,आरक्षी मांगू उरांव शामिल थें।

## लातेहार पुलिस पर मृतक के परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, एसपी को सौंपा आवेदन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई थाना क्षेत्र के असरो गांव के युवक संजय गोप (30) की लातेहार जिला के महुआटांड़ में पुलिस कस्टडी में मौत होने को लेकर परिजनों ने लातेहार पुलिस पर हत्या कर आत्महत्या का रुप देने आरोप लगाया। मृतक के परिजन बल्केश्वर गोप ने बताया कि संजय को एक हत्या के आरोप में लातेहार पुलिस ने असरो से गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी थी। अगले दिन लातेहार पुलिस ने परिजनों को उसके आत्महत्या करने की सूचना दी गयी। परिजनों का कहना है कि संजय घर से अच्छा भला चलकर गया था। पुलिस से हमें भी साथ ले जाने कहा था, लेकिन उन्होंने कहा कि हम पूछताछ करके भेज देंगे। पता नहीं था ये सब हो जायेगा। उसकी मौत पुलिस के थर्ड डिग्री टॉर्चर के कारण हुई है। खुद को बचाने के लिए हत्या के केस की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी द्वारा आत्महत्या का रुप दिया जा रहा है। गुरुवार को सिसई थाना में शव पहुंचने पर परिजनों ने लातेहार पुलिस की प्रताड़ना से युवक की मौत का आरोप लगाते हुए,शव का गुमला में दुबारा पोस्टमार्टम कराने पर अड़ गये, सिसई थाना प्रभारी और अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा परिजनो को समझा-बुझाकर शव सौंपा गया, गुरुवार शाम मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिशन बदलाव के भूषण भगत ने मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक गुमला से मुलाकात कर कहा की पुलिस कस्टडी में किसी की मृत्यु होना जांच का विषय है। पुलिस को जांच कर दोषियों को जेल भेजने का कार्य करना चाहिए। मामले को लेकर परिजनों सिसई पुलिस व एसपी गुमला को आवेदन देकर जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## नदी में डूबने से एक की मौत

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बागेसरा पंचायत के बगेसेरा गांव के समीप शनिवार अपराह्न 2 बजे के करीब पालकोट निवासी तुषार केशरी कोयल नदी में नहाने के क्रम में डूबने से मौत हो गया है । समाचार लिखे जाने तक नदी के धार में बहे तुषार केशरी का शव बरामद नही किया जा सका है। जानकारी के मुताबिक पालकोट भाजपा नेता मनोज केशरी का पुत्र तुषार केशरी अपने कुछ दोस्तों के साथ घर मे किसी को सूचना दिए बगैर बगेसेरा गांव के समीप कोयल नदी में नहाने गया था अपराह्न 2 बजे नहाने के क्रम में तुषार केशरी गहरे पानी मे चला गया।व गहरे पानी मे जाकर डूब गया। जिसके बाद उसके दोस्तों ने इसकी सूचना परिजनों को दिया। तुषार के नदी में डूबने की सूचना पूरे प्रखंड मुख्यालय में आग की तरह फैल गया। हजारो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे स्थानीय ग्रामीण गोताखोर ने शव को निकालने का भरसक प्रयास किया पर सफल नही हो पाए। मामले की सूचना पर पहुंचे पालकोट थाना प्रभारी मोहम्मद जहांगीर एनडीआरएफ टीम को घटनास्थल पर बुलवाने के प्रयास में जुट गए हैं फिलहाल समाचार लिखे जाने तक हजारों की संख्या में ग्रामीणों के साथ प्रखंड प्रमुख सोनी लकड़ा भाजपा नेता सोनू एक्का सहित ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

## जिग्गा मुंडा ने किया भरनो का दौरा, स्वागत में निकला जन समूह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सिसई।** सिसई विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी सह विधायक जिग्गा सुसारन होरो उर्फ जीगा मुंडा ने भरनो प्रखंड के कई गांव का दौरा किया। इस दौर में ग्रामीणों ने ग्राम जोशी से उनका स्वागत किया। गया जीगा मुंडा जिन गांवों में पहुंचे एक बड़ा जनसमूह उनसे मिलने उनकी बातों को सुनने और उनके समर्थन में खड़ा दिखाई दिया। विशेष कर जीगा मुंडाने भरनो प्रखंड के अमलीया पंचायत और सुपा के कई टोले मुहल्लों का भ्रमण किया। अंत में प्रखंड के करंज में लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। विधानसभा चुनाव के मुद्दों पर चर्चा भी की गई। उनके साथ झारखंड युवा मोर्चा के उमर अंसारी भी मौजूद थे। उमर अंसारी ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार लाने के लिए यह जरूरी है कि सिसई विधानसभा क्षेत्र से जीगा मुंडा को विजई बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हेमंत सोरेन की सरकार नहीं बनती है तो झारखंड में धर्म के नाम पर लड़ाने वालों की सरकार बन जाएगी। राज्य को सांप्रदायिकता की आग से बचने के लिए हमें इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशियों को वोट देना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अब झारखंड में केवल और केवल हेमंत सोरेन ही हैं जो राज्य को बेहतर तरीके से चला सकते हैं।

## कुएं में गिरने से मां - बच्ची की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चितरपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना घटी, जिसमें एक मां और उसकी एक वर्षीय बच्ची की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार को घटी, जब बसंती देवी (23 वर्ष), पति सुरेंदर लोहरा अपनी एक वर्षीय बच्ची के साथ एक कुए में पानी लेने गयी थीं। कुएं से पानी खिंचकर निकलाने के दौरान बसंती देवी का पैर फिसल गया और वह अपनी बच्ची के साथ कुए में गिर गयी। इस हादसे में मा



और बच्ची दोनों की मौत हो गयी। चैनपुर पुलिस को घटना की सूचना दी गयी और मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कुएं से बाहर निकलकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आगे की कार्यवाही में जुट गयी है और मामले की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि 23 वर्षीय बसंती देवी अपने 1 वर्षीय बच्ची के साथ पानी भरने गयी थी इसी दौरान पैर फिसलने से दोनों कुए में गिर गयी। शव को कुवां से निकाल लिया गया है। वही ग्रामीण का कहना है कि गांव में कई जलमीनार लगा हुआ है मगर ज्यादातर जलमीनार खराब है इसी कारण गांव के लोगो को कुआं से पानी लाना पड़ता है।

## बाइक की टक्कर से महिला घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर के जशपुर रोड स्थित अल्बर्ट एक्का स्टेडियम के समीप गुरुवार की शाम 7 बजे सड़क पार कर रही मुरली बगीचा निवासी महिला को तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में महिला सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गयी। वहीं बाइक सवार तेजी से शहर की ओर फरार हो गया। घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ लग गयी। जिसके बाद महिला को सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

## पेपर कप में पाये जाते हैं कैंसर के तत्व : रमेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चैंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने लोगों को पेपर कप में चाय नहीं पीने की सलाह दी है। उन्होने कहा है कि इसमें बिसफेनोल और बीपीए जैसे केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है। जो कैंसर के तत्व है। ये हमारे शरीर के लिए घातक होते हैं। ये पूरी तरह से शरीर को प्रभावित कर सकते है। इसलिए पेपर कप में चाय न पीए। साथ ही दुकानदारों से भी आग्रह है कि वे पूर्व की भांति कांच के ग्लास में ही चाय परोसे ताकि लोगों की सेहत से खिलवाड़



न किया जा सके। वहीं प्रशासन भी पेपर कप को प्रतिबंध करने के लिए कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होने अपने कहा कि वैसे फैक्ट्रियों पर भी तुरंत करवाई होना चाहिए जहां पेपर कप का उत्पादन किया जाता है। क्योंकि कुछ लोगों के निजी आर्थिक लाभ के लिए बहुत सारे लोगों की जिंदगी को खतरे में नहीं डाला जा सकता।


**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

*(As per the judgment dated 25" September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union ofIndia & Anr.)*

Name of Political Party: **AJSU PARTY**
Name of Election : **GENERAL ELECTIONS, 2024**
Name of State/ UT: **JHARKHAND**

| 1. | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No. | Name of Constituency | Name of Candidate | Pending Criminal Cases | | Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | **ICHAGARH** | **SHRI HARELAL MAHTO** | **J.M. 1st Class Seraikella G.R NO. - 09/2024 Stage: Evidence** | **S. 414, 34 IPC, S. 21 MMDR ACT. S. 54 JMMC Act., S. 9/13 JMDR Act. (Offence related toillegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **J.M. 1st Class No. 24 Jamshedpur G.R NO. - 1949/2018 Stage: Evidence** | **S. 4/21/MMDR ACT & S. 54 OF JMMC RULES 2004, AMENDMENT 2017 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **J.M. 1st Class cum Addl Civil Judge (Sr. Div) IX, Jamshedpur G.R NO. - 1221/2019 Stage: Charge** | **S. 379/414 OF IPC & S. 4/21 MMDR Act. & S. 54 (5) JMMC Rules 2004, Amendment 2017 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **A.D.J. Chandil S.T. - 133/21 Stage: Evidence** | **S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 OF Disaster Management Act. 2005 & S. 3 of Epidemic 1897 (Case relating to Negligent act likely to cause disruption of public safety and spread infection of disease)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **A.D.J. Chandil S.T. - 188/21 Stage: Evidence** | **S.147/148/149/353/307/323/341/427/186/ 188/269/270 OF IPC & S. 51 OF Disaster Management Act. 2005 & S. 3 of Epidemic 1897 (Case relating to Negligent act likely to cause disruption of public safety and spread infection of disease)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **S.D.J.M. Chandil G.R NO. - 185/22 Stage: Appearance** | **S. 188/34 OF IPC 51 Disaster Management Act. 2005 (Offence related to violation of orders relating to Covid-19 Lockdown)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **S.D.J.M. Chandil G.R NO. - 273/22 Stage: Appearance** | **S. 411/414/34 OF IPC & S. 9/13 JMMCR 2017 & S. 4/54 JMMC 2004 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **A.C.J.M. Chandil G.R NO. - 214/21 Stage: Appearance** | **S. 379/414 OF IPC & S. 4/54/67 JMMCR 2004 & JMMTC Rule 9 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **A.C.J.M. Chandil G.R NO. - 393/23 Stage: Appearance** | **S. 411/414/34 OF IPC & 9/13 JMMCR 2017 & 4/54 JMMC 2004 & MMDRAct . 1957 U/S 4 (1) (A)/21 (Offence related to illegal mining, unauthorized transport, or the concealment of illegally acquired minerals.)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **A.C.J.M. Chandil G.R NO. - 109/23 Stage: Evidence** | **S. 188/186/34 OF IPC & 51 OF Disaster Management Act. 2005 (Offence related to violation of orders relating to Covid-19 Lockdown)** | **NA** | **NA** | **NA** |
| | | | **A.C.J.M. Chandil Nimdih PS - 19/24 Stage: Appearance** | **S. 4/5 OF Explosive Substances Act. & 25(1-B) (A)/26 OF Arms Act (Offence related to unauthorized handling of explosives and firearms)** | **NA** | **NA** | **NA** |

Sd/-
GENERAL ELECTIONS, 2024
AJSU PARTY
JHARKHAND

# शिवराज सिंह चौहान आज हैदरनगर में

## भाजपा के चुनाव कार्यालय का कमलेश सिंह ने किया उद्घाटन

**कहा- हुसैनाबाद विस क्षेत्र में पांच साल में इतने विकास कार्य किया कि जनता उन्हें ही अपना वोट देगी**



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कमलेश सिंह ने शुक्रवार को विश्वकर्मा कॉम्पलेक्स में पार्टी के पहले चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लायेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में झारखंड में भाजपा बहुमत से अधिक सीटे लायेगी। कहा कि हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में उनका किसी के साथ मुकाबला नहीं है। उन्होंने विगत पांच वर्षों में जो विकास के कार्य किए हैं, वह सभी पर भारी है। इस बार जनता ने राज्य में परिवर्तन का मन बना लिया है। हुसैनाबाद-हरिहरगंज की जनता भी भाजपा को वोट देने का मन बना लिया है। कहा कि जपला को जिला बनाने के साथ ही राजग व विकास के मामले में क्षेत्र को राज्य का सबसे बेहतर बनायेंगें। वहीं, सांसद प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने कहा कि कमलेश सिंह के पक्ष में आंधी चल रही है। कहा कि पार्टी कार्यकर्ता एकजुट हैं। सभी ने कमलेश सिंह को विधानसभा भेजने का मन बना लिया है। उन्होंने शनिवार को हैदरनगर उच्च विद्यालय के मैदान में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया।

## राजद के दर्जनों कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी में शामिल

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। समाजवादी पार्टी के विश्रामपुर कार्यालय में शुक्रवार को मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें राजद के दर्जनों लोग पार्टी छोड़कर सपा में शामिल हो गये। समारोह की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष श्याम बिहारी विश्वकर्मा और संचालन निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी ने किया। राजद से आए सभी लोगों को सपा नेता अभिमन्यु सिंह ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। वहीं, सपा में शामिल सभी लोगों ने प्रत्यासी अंजू सिंह को जीताने का संकल्प लिया। अभिमन्यु सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ईमानदारी से कार्य करें। वहीं, सपा में शामिल होने वालों में मो शमीम अहमद अंसारी, उज्वल यादव, रिंकू सिंह, राकेश कुमार विश्वकर्मा, मैनुद्दीन अंसारी, मजहर अली, जैनुल अंसारी, असगर अंसारी आदि शामिल थे।**

# विश्रामपुर को झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र बनाना है : रामचंद्र

## भाजपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान, कई बसपा कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



मतदाताओं के बीच जनसंपर्क चलाते भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी।

**विश्रामपुर/पलामू।** निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्यासी रामचंद्र चंद्रवंशी ने शुक्रवार को विश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और विकास के नाम पर लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान कई बसपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। सभी को रामचंद्र चंद्रवंशी ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य किया। जिसका प्रतिफल है कि आज क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। अब विश्रामपुर को पूर्ण विकसित करना ही मेरा लक्ष्य है। हमारा प्रयास है कि विश्रामपुर क्षेत्र झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित हो। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां लोगों के समक्ष रखी और अपने कार्यकाल में कराए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में भी बताया। मौके पर भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला, शिवबंश मिश्रा, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, अमरेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, धीरन तिवारी, संजय तिवारी, विकास चौबे, मनोज शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, प्रमोद दीक्षित, आलोक सिंह, रितिक कुमार पासवान, छोटन दास, रवि सिंह, सुरेश दास, रोशन कुमार और अरुण सिंह आदि मौजूद थे।

## बसपा प्रत्याशी शिवपूजन ने चुनाव आयोग के पोर्टल को हैक करने का लगाया आरोप



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व विधायक सह बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने जपला छतरपुर रोड स्थित खादी भंडार के निकट रामप्रवेश मेहता के आवासीय परिषद में शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर चुनाव आयोग की वेबसाइट को हैक करने का आरोप लगाया है। बताया कि राष्ट्रीय नेताओं के कार्यक्रम के लिए मैदान का परमिशन लेने के लिए वेबसाइट खोलने पर कार्यक्रम स्थल पहले से ही बुक है। जो समयानुसार सही नहीं है। जबकि चुनाव आयोग के वेबसाइट पर कार्यक्रम स्थल को बुक करने के लिए ज्यादा से ज्यादा सात दिन और कम से कम दो दिन का समय रखा गया है। बताया कि इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग व जिला निवार्ची पदाधिकारी को लिखित शिकायत देकर विधि संवत कार्रवाई की मांग की है। कहा कि इस तरह से निर्वाचन आयोग का पोर्टल हैक होना लोकतंत्र के लिए बेहतर संकेत नहीं है। लगे हाथ आरोप लगाया कि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन के बाद असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एक विशेष समुदाय पर टिप्पणी कर क्षेत्र में सांप्रदायिक सौहार्द को ठेस पहुंचाया है। उनके इस बयान को लेकर उनके खिलाफ पलामू मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी में परिवाद दायर किया है। इस मौके पर बसपा नेता गुरु प्रसाद, जाकिर उर्फ राज अली, प्रमोद रवि और खालिद आलम आदि शामिल थे।

## मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहे : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को दीपावली की रात काफी संख्या में अपने समर्थकों एवं व्यावसायी मित्रों के साथ मेदिनीनगर मुख्य बाजार में पहुंची और उनका आशीर्वाद लिया। कहा कि मां लक्ष्मी से कामना है कि हमारा शहर खुशहाल रहे एवं हमारे शहर के व्यवसाईयों पर मां लक्ष्मी की कृपा सदा बनी रहे। प्रथम महापौर का सभी व्यवसाईयों ने अपने प्रतिष्ठान पर गर्म जोशी से स्वागत किया।

## विश्रामपुर में राजनीतिक परिवर्तन होने वाला है : ब्रह्मदेव प्रसाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** लक्ष्मी पूजा पर विश्रामपुर क्षेत्र के कई जगहों पर गुआसराई, बघमान्वा, ब्रह्मोरिया व लकड़ही गांव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में ओबीसी एकता अधिकार मंच से केंद्रीय अध्यक्ष सह विस प्रत्यासी ब्रह्मदेव प्रसाद और उनकी पत्नी रजनी देवी भी शामिल हुईं। दोनों ने पहले मां लक्ष्मी की पूजा की। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बीडी प्रसाद ने कहा कि विश्रामपुर में नया सवेरा होने वाला है। जनता के आशीर्वाद से राजनीतिक परिवर्तन होने वाला है। जनता ने हमें मौका दिया तो विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जागृति दुबे के पक्ष में चलाया जनसंपर्क विकास के नाम पर मांगा जन समर्थन



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर-मझिआंव विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्यासी जागृति दुबे के पक्ष में शुक्रवार को झारखंड युवा विकास पार्टी प्रमुख विकाश दुबे ने समर्थकों के साथ जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने लोगों से विकास के नाम पर समर्थन मांगा। कहा कि यह चुनाव विश्रामपुर को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का है। दो लोगों के चालीस वर्षों के कुशासन से मुक्ति का है। अगर इस अवसर को लोगों ने छोड़ दिया तो विश्रामपुर-मझिआंव क्षेत्र का भविष्य और भी अंधकारमय हो जायेगा। मौके पर मुखिया रोहित तिवारी, रवि शंकर चौबे, ऋषि पांडेय, सोनू पांडेय, प्रियव्रत सिंह, पप्पू दुबे, विष्णु शुक्ला और निजाम खान आदि मौजूद थे।

## कर्नल संजय सिंह ने चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनावों के मद्देनजर निर्दलीय प्रत्याशी किसान ब्रिगेड के कर्नल संजय सिंह ने गुरुवार को हरिहरगंज शहर के डाक घर स्थित अपने चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। कहा कि हरिहरगंज-हुसैनाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना है। इसके लिए उन्होंने जागरूक मतदाताओं से जन प्रतिनिधि बनाने की अपील करते हुए पांच साल का समय मांगा। कहा कि मैं किसान का बेटा हूं। समस्याओं को अच्छी तरह जानता हूं। अगर मतदादाताओं का आशीर्वाद मिला तो किसानों की हर समस्या का समाधान और शिक्षा के समुचित विकास का प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने 13 नवंबर को उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर कमिश्नर सिंह, विनोद पासवान, जनेश्वर पासवान, भोला सिंह, शंभू सिंह, शंकर चौधरी, शत्रुघ्न रवि, श्रवण रवि, अजय सिंह आदि थे।

## डूबने से अधेड़ की मौत

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गिद्धी उर्फ चिरैली टोला परसडीह निवासी बद्री यादव (55) की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। घटना परपहार गांव समीप पुलिया स्थित गुरुवार की शाम घटित हुई। इसकी खबर पाकर हरिहरगंज पुलिस शुक्रवार को पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
Name of the Election: **JHARKHAND LEGISLATIVE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | 81 Bhawanath pur | Anant Pratap Deo | Name of Court Case No. Status of the case (e) | Section of the Acts Concerned & Brief Description of offence (s) | Name of Court Date (s) of Order (s) | Description of Offence (S) Punishment Imposed | Maximum punishment imposed. |
| | | | A.C.J.M Nagar Untari, Dhurri P.S., Case No. 37/ 2024 f.f. awaited | Sec. 188 143,171 I.P.C Violation of Order of public scr Violation of moral rule of code of cohduct | N.A | N.A | N.A |
| | | | Sri S.N Kujur J.M. Nagar Untari, Hariharpur P.S., Case No. 78/2024 F.F Awaited | Disturban CEIN Voting -G Right & Violation of Moral Rule of Code of Conduct Sec. 171(C) 188 I.P.S 134 R.P. Act. | N.A | N.A | N.A |

Sd/-
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**JHARKHAND**

**प्रारूप C-2**

**पार्टी द्वारा खड़े दिए गए अभ्यर्थीयों के आपराधिक पूर्वकृत्त के बारे में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं0 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

नाम :- **मनोज कुमार चन्द्रा**
राजनीतिक दल का नाम :- **झारखण्ड मुक्ति मोर्चा**
निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा 2024**
निर्वाचन क्षेत्र का नाम :- **26, सिमरिया (अ.जा.)**
राज्य का नाम : **झारखण्ड**

| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (A) लंबित अपराधिक प्रकरण | | (B) दंडनिय अपराध का दोषसिद्ध प्रकरणों के सम्बंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एव प्रकरण (नो) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम और आदेशों की तिथि (याँ) | अपराध (ओ) का विवरण और लगाया गया दंड | अधिकतम लगाया गया दंड |
| 1. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | एस०डी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, G.R. मामला सं०- 1822/2024 धारा 313 सी0 आर० पी० सी० के तहत बयान | आई०पी०सी०- 143/144/145/147/ 148/149/152/341/ 323/353/427/283/ 188/337 | सी० जे०एम० कोर्ट, चतरा, G.R. मामला सं०- 885/2016 मामला निपटाया गया (25.04.2022) | N.A | N.A |
| 2. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | सी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, च्तवजमेज. मामला सं०- 1387/2019 आरोप से पहले सबूत | आई०पी०सी०- 149/323/365/362/ 354/386/120 (B) | N.A | N.A | N.A |
| 3. | 26-सिमरिया विधानसभा (अ.जा.) | मनोज कुमार चन्द्रा | एस० डी० जे०एम०. कोर्ट, हजारीबाग, G.R. मामला सं०- 1809/2024 हाजिरी | आई०पी०सी०- 143/144/145/147/ 148/188/283/341/ 323/353 | N.A | N.A | N.A |

ह0
**मनोज कुमार चन्द्र**
झारखण्ड मुक्ति मोर्चा
विधानसभा 2024

**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party**

As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
Name of the Election: **JHARKHAND STATE ASSEMBLY- 2024**
Name of the State/UT: **JHARKHAND**

I **Ramdas Soren** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

| 1 | 2. | 3. | 4. | | 5. | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Constituency | Name of Candidate | (A) Pending Criminal Cases | | (B) Details about cases of conviction for criminal offences | | |
| | | | Name of Court, Case No. & Stats of the Case (S) | Sections of The Acts Concerned & Brief Description of offence (S) | Name of Court & Dates (S) of Order (s) | Description of Offence (S) & Punishment Imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1 | 45- Ghatsila (ST | Ramdash Soren | Court of J.M 1st Class Jamshepur | 147/353/504/506/290/291/283 of IPC The case is relating to show black flag to Prime Minister of India Mr. Narendra Modi hence the FIR | NA | NA | NA |
| 2 | 45- Ghatsila (ST) | Ramdas Soren | Court of Supriya Rani Tigga, J.M. cum Special I Court MP/MLA at Chaibasa | 171/188/34 of IPC The case is relating violation of model code of conduct | NA | NA | NA |

* In the case of election to Council of States or election of Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
**RAMDASH SOREN**
**JHARKHAND MUKTI MORCHA (J.M.M)**
**JHARKHAND**

# मंत्री नितिन नवीन ने एनडीए की जीत को लेकर बनायी रणनीति



**पेटरवार (आजाद सिपाही)।** आजसू कार्यालय में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री व झारखंड चुनाव के प्रमंडलीय प्रभारी नितिन नवीन ने शुक्रवार को विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया। इस क्रम में लोगों का भरपूर समर्थन एनडीए प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो को मिले, इसे लेकर रणनीति भी बनायी। इसमें गोमिया प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो, भाजपा जिला अध्यक्ष जयदेव राय, जिलामहा मंत्री अनिल स्वर्णकार, विधानसभा प्रभारी डॉ संजय सिंह, विधानसभा के संयोजक लक्ष्मण नायक, विधानसभा के विस्तारक धर्मेंद्र माहता एवं रितेश सिन्हा शामिल थे।

## निर्दलीय प्रत्याशी बिनोद सिंह ने खोला चुनाव कार्यालय



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद विस के निर्दल प्रत्याशी बिनोद सिंह ने शुक्रवार को सिनेमा मोड़ खुशी रेस्टोरेंट हॉल में अपना चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से एक बार उन्हें भी अपना मत देकर जिताने की अपील की, ताकि क्षेत्र में विकास की गंगा बहा सकें। मौके पर वैश्य जागृति मंच अध्यक्ष गंगा जायसवाल, रविरंजन सिंह उर्फ बबुआ जी, भीमसेन शर्मा, रघुनंदन साव, नरेश यादव, चंदन जायसवाल, रामाशीष यादव, सनोज गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, र्जुन गुप्ता, अंबुज कुमार आदि थे।

## झामुमो छोड़ बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक सहित कई लोग हुए आजसू में शामिल

# ठगबंधन की मंशा को जनता समझ रही है एनडीए की जीत का लें संकल्प: डॉ लंबोदर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमिया।** एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो ने कहा कि जीत के संकल्प के साथ हम सभी को एक साथ चलना है। इसे पूरे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में एक अभियान के रूप में तब्दील कर देना है। उक्त बातें शुक्रवार को मिलन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गोमिया की जनता विकास पसंद है और जनता के इसी मनोभाव को समझते हुए हमने काम किया है। गोमिया की जनता सब्जबाग दिखाकर मत प्राप्त करने



झामुमो छोड़ आजसू में शामिल होने वालों का स्वागत करते डॉ लंबोदर महतो।

की मंशा पाले ठगबंधन को अपना समर्थन कभी नहीं देगी। गोमिया की जनता एनडीए की नीति व कार्यक्रमों के साथ है। इस दौरान मिलन समारोह में कसमार प्रखंड के गर्री पंचायत के सैकड़ों अल्पसंख्यक युवा, वरिष्ठ जन व प्रखंड के बड़की पुन्नू पंचायत के कई युवा झामुमो छोड़ आजसू में शामिल हो गये। उनका कहना है कि डॉ लंबोदर महतो के कार्यों को सामने से देखा है। उनका व्यवहार सभी के प्रति एक समान रहता है. बड़ी बात यह है कि वे शिक्षित, समझदार व सुलझे हुए व्यक्ति हैं। इसी को देखकर हम सभी ने उन पर अपनी आस्था जताई है। हमारा भरपूर प्रयास रहेगा की डॉ लंबोदर महतो को अपार जन समर्थन मिले। आजसू का दामन थानमें वालों में रफीक अंसारी, अरशद, मनोव्वर अंसारी, सरफराज अंसारी, खाजा गुलाम, तस्लीम अंसारी, तजारक अंसारी, महफूज अंसारी, जाउल अंसारी, इरशाद आलम, नाजिर अंसारी, जुम्मन अंसारी, बेलाल अंसारी, सिकंदर अंसारी, अजमल अंसारी, रियाज अंसारी, यूनुस अंसारी, अख्तर अंसारी, क्यूम अंसारी, नाजिर अंसारी, इब्राहिम अंसारी, जस्सर अंसारी, इमरान हुसैन, आरीज अंसारी, सुलेमान अंसारी, अकसर अंसारी, जाकिर अंसारी, सदाकत अंसारी, बबलू अंसारी, छूटू अंसारी, अकबर अंसारी, मो बजीर, सरफराज अंसारी और रंजीत प्रजापति आदि आदि शामिल हैं।

# तीन प्रत्याशियों ने वापस लिया नाम

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** विधानसभा चुनाव में नाम वापस लेने की शुक्रवाार को अंतिम तिथि थी। इस दिन तीन प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस लिया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने इस दिन संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि टुंडी विधानसभा से दिनेश महतो एवं हिरामन नायक और झरिया से मोहम्मद सद्दाम हुसैन ने अपना नाम वापस लिया है। डीसी ने बताया कि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद सिंदरी से 9, निरसा से 9, धनबाद से 18, झरिया से 11, टुंडी से 20 और बाघमारा विधानसभा सीट से अब 13 प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। मतदान के दिन धनबाद एवं टुंडी विधानसभा में 2-2 बैलेट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। जबकि सिंदरी, निरसा, झरिया एवं बाघमारा में एक-एक बैलट यूनिट का प्रयोग किया जाएगा। डीसी ने बताया कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हर विधानसभा के लिए एक-एक सामान्य प्रेक्षक, 2 व्यय प्रेक्षक एवं एक पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति की गई है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता या अन्य किसी भी शिकायत को लेकर कोई भी मतदाता प्रेक्षकों से मिल सकते हैं। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण पर कहा कि पहले चरण का प्रशिक्षण पूरा कर लिया गया है। चार नवंबर से दूसरे चरण का प्रशिक्षण श्रीश्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज एवं गुरु नानक कॉलेज भुदा में शुरू किया जायेगा।

## भाकपा माले के घोषणा पत्र में विकास एवं झारखंड के अधिकारों की रक्षा पर जोर



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाकपा-माले ने शुक्रवार को हीरापुर के एलसी रोड स्थित सम्राट चौधरी के आवासीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन कर झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। जिसमें विकास, स्थानीयता, रोजगार, झारखंडियों का मूल अधिकार, जल जंगल जमीन और पर्यावरण बचाने आदि का वादा किया गया है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार झारखंड के साथ लगातार सौतेला व्यवहार करती रही है। भाजपा ने झारखंडियों के अधिकारों को ईडी-सीबीआई और न्यायीक प्रक्रियाओं के जाल में बंधक बनाए रखा है। भाजपा झारखंड को अडानी के हाथों सौंप देना चाहती है। गोड्डा के बाद अब हजारीबाग के बड़का गांव के जंगल और गांव को कोल माइंस के लिए हड़प रही है। कहा कि झारखंड में रोजगार संकट में भयावह रूप ले लिया है। पूरा देश कार्पोरेट गुलामी झेल रहा है। जिसससे मुक्ति के लिए आइएनडीआइए गठबंधन को लाना जरूरी है। इस मौके पर भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड आनंद महतो, कॉमरेड हलदर महतो, राज्य सचिव मनोज भक्त, जिला सचिव बिंदा पासवान, जिला सह सचिव कार्तिक प्रसाद, राज्य सदस्य सम्राट चौधरी, नकुल देव सिंह आदि उपस्थित थे।

# चाचा जलेश्वर महतो का हाथ पकड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए संतोष महतो

## दीपावली की शाम बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ की घर वापसी

## चाचा-भतीजे की जोड़ी बिगाड़ सकती है भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो का समीकरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के गहमा-गहमी के बीच धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो व बाघमारा से एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के बड़े भाई शत्रुधन महतो को बड़ा झटका लगा है। उनके करीबी माने जाने वाले पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा के धनबाद जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष महतो ने गुरुवार को दीपावली की शाम अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए। जिसका आइएनडीआइए समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जलेश्वर महतो ने फूल माला पहनाकर सभी का स्वागत किया। बतातें चले कि जलेश्वर महतो की अगुवाई में साल 2016 के पंचायत चुनाव में जिला परिषद के प्रत्याशी रहे संतोष महतो ने अपने चाचा के कुशल नेतृत्व में भारी मतों से जीत हासिल की ती। हालांकि जलेश्वर महतो से अनबन के बाद उन्हें चाचा को छोड़ना पड़ा था। साल भर पहले ही वह बाघमारा के तत्कालीन विधायक ढुल्लू महतो का हाथ पकड़ कर भाजपा में शामिल हो गये थे। ढुल्लू महतो के ही इशारे पर पिछला विधानसभा चुनाव लड़े। जिस कारण उनके चाचा जलेश्वर महतो को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन कथित तौर पर वह वहां हाशिये पर रहे। सूत्रों की मानें तो भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष पद नहीं मिलने से वह नाराज चल रहे थे। इसी कारण वह अपने चाचा जलेश्वर महतो का हाथ पकड़ कर दीपावली के दिन घर वापसी (कांग्रेस में शामिल) कर ली। इससे भाजपा प्रत्यासी शत्रुघ्न महतो की राह कठिन होती दिख रही है। इसके आलावा सिजुवा से छोटू रवानी ने भी अपने ससभी समर्थको के साथ जलेश्वर महतो पर आस्था रखते कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इन सब से अलग बाघमारा भाजपा के लिए सबसे बड़ी परेशानी पार्टी में उत्पन्न परिवारवाद हैं। क्यूंकि बाघमारा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर पूर्व भाजपा महुदा मंडल अध्यक्ष सह धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर सिंह का भी नाम गया था। पहले शेखर सिंह ही इस सीट के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन, पार्टी ने यहां से सांसद ढुल्लू महतो के बड़े भाई शत्रुघ्न को टिकट दे दिया है। इसे लेकर पार्टी के अंदर का एक धड़ा नाराज चल रहा है। कयास लगाए जा रहे कि परिवारवाद से यहां भाजपा को बड़ा झटका लग सकता है। दूसरी ओर, इसे लेकर भाजपा नेता संतोष महतो ने कहा कि वे अपने परिवार में वापस आये हैं। हमारे बीच अब किसी प्रकार का कोई मतभेद नहीं रहा। अब से उनका परिवार कांग्रेसी है। अब मरते दम तक कभी कांग्रेस नहीं छोड़ेंगे। वहीं, जलेश्वर महतो ने कहा कि कांग्रेस परिवार में सभी का स्वागत है। इस पार्टी में हर सदस्य को सम्मान मिलता है। कहा कि आज बड़ी संख्या में लोगों के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी, जिसका असर इस विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। कांग्रेस और हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के चलते इतनी संख्या में लोग पार्टी में शामिल हो रहे हैं।

## पटाखा दुकानों में भीषण आग, 55 दुकान जलकर खाक

**बोकारो (आजाद सिपाही)। जिले के चास में सड़क किनारे लगे पटाखा दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। आस-पास के कुल 66 पटाखों को अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें से 55 से ज्यादा दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गए। दूसरी ओर, आग लग लगने से मची अफरा-तफरी के बीच कई लोगों ने दुकानों में जमकर लूटपाट भी की।**

## मां काली की पूजा कर राज सिन्हा ने लोगों के बीच चलाया जनसंपर्क



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने मां काली की पूजा में शामिल होकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं, विभिन्न पंडालों के समिति के सदस्यों ने राज सिन्हा का ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों से कहा कि आप सभी का यह प्यार मेरे ऊपर ऐसे ही बना रहे। डीएस कॉलोनी, मनईटांड़ स्थित डुमरियाटांड, काली मंदिर मनईटांड़, भूली ए ब्लॉक, सेंट्रल कॉलोनी बी ब्लॉक भूली, दास तोला पांडरपाला, कोर्ट क्वाटर, हीरापुर हटिया आदि जगहों पर राज सिन्हा का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर अमरेंद्र सहाय, अशोक कुमार, संजय कुशवाहा, सिसम राऊत, स्वपन कश्यप, दिनेश दीवान, सुबीर साव, मौसम सिंह, मोंटी सिंह, विजय सिंह, मिंटू सिंह, विजय रजक, संकट मोचन पाण्डेय, ऋषभ राज, अम्बर कलश, सूरज पासवान, मानस रंजन पाल, जीतेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित थे।

## भाजपा में शामिल हुए अल्पसंख्यक युवा रागिनी सिंह को जीतने का लिया संकल्प



**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह की ओर अल्पसंख्यक समाज का रुझान तेजी से बढ़ा है। शुक्रवार को साहिल खान और अमन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाजपा का दामन थाम लिया। रागिनी सिंह ने सभी का स्वागत पार्टी की सदस्यता दिलाकर किया। अमन और साहिल खान ने बताया कि रागिनी सिंह एकमात्र सुयोग्य प्रत्याशी हैं जो झरिया को विकास की ओर ले जा सकती हैं। इसलिए हम सभी लोगों ने यह तय किया है कि इस बार हर हाल में झरिया विधानसभा से भाजपा को जीत दिलाना है।


सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

**कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त,राँची।**
(MCMC कोषांग)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**सूचना**

एतद द्वारा सभी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि आगामी विधान सभा आम निर्वाचन 2024 के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह–उपायुक्त,राँची की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (Media Certification and Monitoring Committee) गठित है जो प्रिन्ट/इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेगी।

- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व एवं या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रसारण की तिथि से 07 (सात) दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लेना अनिवार्य होगा।
- निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक/सोशल मीडिया/केबल नेटवर्क के माध्यम से कोई भी विज्ञापन प्रकाशित/प्रसारण करना चाहते है तो विहित प्रपत्र Annexure-A में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) को आवेदन समर्पित कर सकते हैं। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों /प्रत्याशी के खाते में प्रविश्ट किया जाएगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत विज्ञापन प्रसारण हेतु Annexure-B में अनुमति प्रदान की जाएगी।
- प्रिन्ट मीडिया में मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC की अनुमति अनिवार्य है।
- आवेदन के समय दिये जाने वाले दस्तावेज (I) आवेदन पत्र (II) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (III) दो स्व अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी (IV) प्रस्तावित विज्ञापन की अनुमानित लागत (V) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित /टेलिकॉस्ट होगा उसका विवरण।
- आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी राजनितिक दल/प्रत्याशी के द्वारा बिना जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) से अनुमति लिए किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन /प्रसारण पेड न्यूज की क्षेणी में रखा गया है।
- जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MCMC) कोशांग,राँची शहर अंचल कार्यालय के प्रथम तल्ला में कार्यरत है,जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24 X 7 संचालित रहेगी।

वरीय–सह–नोडल पदाधिकारी
MCMC कोषांग,राँची।

PR 339788 (District) 24-25 (D)



**कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, चतरा**
(डाक मतपत्र-सह-मतपत्र कोषांग, चतरा)

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम चुनाव–2024 हेतु 26 –सिमरिया (अ0जा0) एवं 27– चतरा (अ0जा0) में डाक मतपत्रों के माध्यम से निर्वाचन कार्यो में नियुक्ति कर्मी एवं पदाधिकारी (Voters On Election Duty), Home Voting, AVES कर्मियों/पदाधिकारियों को सुविधा केन्द्र पर Postal Ballot मतदान किया जाना है। सुविधा केन्द्र में प्रशिक्षण स्थल (SS+2 ब्यॉज स्कूल, चतरा) के सुविधा केन्द्र में मतदान कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करेंगे, एवं मतदान कर्मी को छोड़कर अन्य सभी VED (Voters On Election Duty) जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा के सुविधा केन्द्र एवं Postal voting Center में मतदान करेंगे, जिसकी तिथि एवं समयसारणी निम्नवत् है :–

| क0 स0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | विधानसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र (Facilitation Center) का नाम | प्रखण्ड का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27–चतरा (अ0जा0) | FC-1 हण्टरगंज | हण्टरगंज |
| 02 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27–चतरा (अ0जा0) | FC-2 प्रतापपुर | प्रतापपुर |
| 03 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27–चतरा (अ0जा0) | FC-3 (कान्हाचटटी एवं कुन्दा) | कान्हाचटटी एवं कुन्दा |
| 04 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27–चतरा (अ0जा0) | FC-4 चतरा | चतरा |
| 05 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | अन्य जिला | FC-5 SS+2 ब्यॉज हॉई स्कूल (आर्यभट् भवन), चतरा | अन्य जिला |
| 06 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 26–सिमरिया (अ0जा0) | FC-6 (ईटखोरी/मयूरहण्ड) | ईटखोरी एवं मयूरहण्ड |
| 07 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 26–सिमरिया (अ0जा0) | FC-7 (लावालौग/पत्थलगडडा/गिद्धौर) | लावालौग, पत्थलगडडा एवं गिद्धौर |
| 08 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 26–सिमरिया (अ0जा0) | FC-8 सिमरिया | सिमरिया |
| 09 | 03.11.2024 से 10.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 26–सिमरिया (अ0जा0) | FC-9 टण्डवा | टण्डवा |
| 10 | 03.11.2024 से 07.11.2024 तक एवं 08.11.2024 से 11.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27-चतरा एवं 26–सिमरिया | FC-10 जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा | कार्यालय प्रधान, (सिविल), कर्मी/पदाधिकारी एवं बी0एल0ओ0 |
| 11 | 03.11.2024 से 07.11.2024 तक | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27-चतरा एवं 26–सिमरिया | FC-11 जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा | पुलिस, होमगार्ड, IRB |
| | 08.11.2024 से 11.11.2024 तक | | 27-चतरा एवं 26–सिमरिया | | AVES (अनिवार्य सेवा) |
| 12 | 1st Round 03.11.2024 से 07.11.2024 तक एवं 2nd Round 09.11.2024 से 10.11.2024 | पूर्वाहन 09:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक | 27-चतरा एवं 26–सिमरिया | सभी प्रखण्ड, जिला–चतरा | AVSC एवं AVPD |

नोट :– 1. मतदान प्रकिया में वैसे कर्मी/पदाधिकारी भाग लेगे जिन्होने Form-12 एवं 12–D भरा है, एवं संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा डाक मतपत्र निर्गत किया गया हो। सभी मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्रों में से एक पहचान पर अनिवार्य रूप से मतदान केन्द्र पर उपस्थित होगें।

2. क0सं0 11 में उल्लेखित PVC (जिला निर्वाचन कार्यालय, चतरा) दिनांक–03.11.2024 से 07.11.2024 तक FC के रूप में संचालित होगा।

3. Polling Personnel- वैसे मतदान कर्मी एवं पदाधिकारी जो मतदान के तिथि को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त होगे।

4. Police Personnel- वैसे पुलिस कर्मी एवं पदाधिकारी जो मतदान के तिथि को मतदान केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त होगे।

5. BLO- जिनकी प्रतिनियुक्ति अपने मतदान केन्द्र में न होकर किसी अन्य बूथ/भवन पर है।

6. द्वितीय चरण का पोस्टल बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान जिला स्तरीय PVC एवं FC में दिनांक–15.11.2024 से 18.11.2024 के बीच मतदान दल के द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा।

7. FST, VST, SST, VVT, माईकरोऑबजरर्वर, सेक्टर पदाधिकारी, चालक, सफाई कर्मी, IRB, JAP एवं जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय कार्यालय प्रधान से संबंधित पदाधिकारी/कर्मी।

8. विशेष नोट :– सभी अभ्यर्थी 27–चतरा एवं 26–सिमरिया विधानसभा को सूचित किया जाता है कि उक्त मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पर अपने मतदान अभिकर्त्ता (Polling Agent) की नियुक्ति किया जाय, ताकि मतदान की प्रकिया पारदर्शी एवं स्वच्छता पूर्वक किया जा सके।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 339776 Election (24-25)_D



**Format C1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September 2018, of Hon'ble Supreme court in WP(CIVIL) NO.536 OF 2011 (Public interest Foundation & Others Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **Durgawati Oreya**
Name of Political Party: **"Independent"**
(Independent candidates should write "Independent" here)
Name of Election : **Member of the Legislative Assembly, Jharkhand**
Name of Constituency : **60- Khunti(S.T.)**

1. **Durgawati Oreya,** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election declare for public information the following details about my criminal antecedents.

(A) Pending criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| | J.M.F.C. XIII | G.R. 2925/17 | Appearance | U/s 147,148,353,504,149 of the I.P.C. Unlawful assembly criminal force to deter public servant from is duty. |
| | | G.R. 2932/17 | Evidence | U/s 143,144,149,150,153, 279,353,120 B of I.P.C. Unlawful assembly want only giving provocation with intent to cause riot and criminal force to deter public servant from his duty. |

Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of court & date(s) of order(s) | Description of Offence (s) and Punishment imposed. | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |
| N/A | N/A | N/A | N/A |

In the case of election to council of States or election to Legislative council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Sd/-
Durgawati Oreya
Independent
Jharkhand

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 02 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# सीएम ने अपने गांव में काली पूजा और दीपावली मनायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्योंझर के दो दिवसीय दौरे पर आये मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पहले दिन अपने गांव राइकला में काली पूजा और दिवाली के त्योहार मनाया। मुख्यमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला काली पूजा और दिवाली उत्सव था और उन्होंने इसे अपने गांव में मनाया। सबसे पहले उन्होंने अपने गांव में गोठानी पूजा में शामिल होने के बाद अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ दिवाली मनायी। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए राइकला गांव के सड़क को बहू-बेटियों ने रंगोली के साथ कलश में सजाया गया था। मुख्यमंत्री गांव में आने के बाद स्वागत का उत्सव शुरू हो गया। मुख्यमंत्री ने काली पूजा पर घर पर पूजा की और गांव के लोगों के साथ खुद को शामिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांव वालों के साथ मदाल बजा कर सहारई पूजा मनायी। अंत में फुलझड़ी पटाखे फोड़ कर दिवाली मनायी और राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं।

## राजधानी अंडरग्राउंड मार्केट में कई दुकानें जल कर हो गयीं खाक



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजधानी भुवनेश्वर में दीवाली को बड़ी दुर्घटना घटी। मार्केट बिल्डिंग से एक नंबर हाट को जोड़ने वाली अंडरग्राउंड मार्केट में आग लग गयी। अंडरग्राउंड मार्केट में मुख्य रूप से कपड़े की दुकानें हैं। दुकान में आग लगने से आसपास का इलाका धुएं से भर गया। आग बुझाने के लिए 10 दमकल गाड़ियों को सेवा में लगाया गया। देर रात को मार्केट बिल्डिंग के अंडरग्राउंड मार्केट में आग लग गयी। इस मार्केट में 25 दुकानें है। इस आग में लगभग 5 दुकानें जल कर खाक हो गयीं। इनमें से कुछ कपड़ों की दुकानें हैं। अग्निकांड में लाखों रुपये की संपत्ति जल कर खाक हो गयी। दमकल कर्मियों ने पांच से छह घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आशंका जतायी जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी होगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आग लगने के कारण का पता लगा रही है।

# ट्रेन टिकटों के लिए अग्रिम आरक्षण की अवधि घटा कर 60 दिन की गयी

- कुछ एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि अपरिवर्तित रहेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ट्रेन टिकट नीति में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारतीय रेलवे ने शुक्रवार से ट्रेन टिकट अग्रिम आरक्षण के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि को पहले के 120 दिनों से घटा कर 60 दिन कर दिया है। इस परिवर्तन का लक्ष्य यात्रियों के लिए अपनी यात्राओं की योजना बनाने में अधिक लचीलापन रखना है। यह 60 दिनों की अग्रिम आरक्षण अवधि अधिकांश ट्रेन सेवाओं पर लागू होगी, लेकिन कुछ दिन की एक्सप्रेस ट्रेनें जैसे कि धौली एक्सप्रेस, जन शताब्दी और इंटर सिटी एक्सप्रेस अपनी मौजूदा छोटी बुकिंग अवधि के तहत संचालित होती रहेंगी। यह सुनिश्चित करते हुए कि इन लोकप्रिय सेवाओं का उपयोग सहज यात्रा योजनाओं के लिए किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिन की अग्रिम आरक्षण सीमा अपरिवर्तित बनी हुई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को भारत की अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए पर्याप्त समय मिल सकेगा। यह संशोधित अग्रिम आरक्षण नीति यात्रियों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गयी है, जो उन्हें अपनी यात्रा की बुकिंग में अधिक विकल्प और लचीलापन प्रदान करती है। रेलवे अपने सभी ग्राहकों के लिए समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नयी नीति से बुकिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की उम्मीद है, जिससे यात्रियों के लिए अपनी यात्रा की तारीखों के करीब अपनी सीटें सुरक्षित करना आसान हो जायेगा, जबकि दीर्घकालिक योजनाकारों के लिए सेवा की उपलब्धता बनी रहेगी। ट्रेन शेड्यूल और टिकट बुकिंग के बारे में अधिक जानकारी के लिए यात्रियों को भारतीय रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने या अपने स्थानीय रेलवे स्टेशन से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।




### 60 दिनों की आरक्षण अवधि के ये होंगे लाभ

नयी योजना बनाने के लिए 120 दिन बहुत लंबे थे, जिसके परिणामस्वरूप यात्रियों के यात्रा पर नहीं आने के कारण उच्च रद्दीकरण और सीटों/बर्थ की बर्बादी हुई। वर्तमान में, लगभग 21% रद्दीकरण होता है और 4-5% यात्री नहीं आते हैं (कोई शो नहीं)। यात्रा न करने वाले यात्रियों की समस्याः कई मामलों में यह देखा जाता है कि यात्री अपनी टिकट रद्द नहीं करते हैं और यात्रा के लिए नहीं आते हैं। इससे धोखाधड़ी होती है-जैसे छद्म नामों का उपयोग करके पहले से टिकट बुक करना और रेलवे अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से पैसा लेना आदि। अब इसे रोका जा सकता है। लंबी अवधि के साथ, कुछ लोगों द्वारा टिकट ब्लॉक करने की अधिक संभावना थी। कम अवधि के कारण वास्तविक यात्रियों द्वारा अधिक टिकटों को प्रोत्साहित किया जायेगा। सामान्य श्रेणी के टिकटों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि वे यात्रा से ठीक पहले खरीदे जाते हैं। कम रद्द होने और यात्रियों के यात्रा न करने के कारण, रेलवे मांग के अनुसार अधिक दृश्यता के साथ अधिक विशेष ट्रेनों की योजना बना सकता है।

# संबलपुर मंडल में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडेय ने मंडल कार्यालय परिसर के प्रगति धारा में स्वर्गीय सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर संबलपुर मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। सभी रेलकर्मियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिए खुद को समर्पित करने और सभी भारतीयों के बीच संदेश फैलाने के लिए कड़ी मेहनत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पाण्डेय की नेतृत्व में रेल नगर में 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया। इस आयोजन में संबलपुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह के अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया।

## राजभवन में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राजभवन में गुरुवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। लौह पुरुष भारत रत्न सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर राजभवन के अभिषेक हॉल में आयोजित एक समारोह में सरदार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर राजभवन के अभिषेक हॉल में आयोजित कार्यक्रम में सरदार के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। राज्यपाल के निजी सचिव हिमांशु नारायण पटनायक ने राजभवन के अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलायी। कर्मचारियों ने आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाये रखने के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## मुख्यमंत्री ने सोआ फार्मेसी स्टाफ और विद्यार्थियों से बातचीत की



- औषधि परीक्षण प्रयोगशाला केंद्र के भूमि पूजन समारोह में भाग लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए 12,850 करोड़ रुपये की परियोजना का अनावरण किया। इसी सिलसिले में मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ मुकेश महालिंग ने भुवनेश्वर के उपनगर गोठपाटणा में औषधि परीक्षण प्रयोगशाला केंद्र के भूमि पूजन समारोह में भाग लिया। इस मौके पर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पतालों के फार्मेसी विभाग के कर्मचारी और छात्र शामिल हुए थे।

कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आइएमएस एंड सम हॉस्पिटल फार्मेसी स्टाफ और छात्रों के साथ कुछ समय बिताये। मुख्यमंत्री ने उनसे स्वास्थ्य देखभाल पर चर्चा करते हुए फार्मेसी टेस्टिंग के बारे में पूछा। मुख्यमंत्री श्री माझी ने सम फार्मेसी के कर्मचारियों और छात्रों के साथ खुशी-खुशी तस्वीरें खिंचवायीं और कहा कि दवा परीक्षण प्रयोगशाला केंद्र से उन्हें बहुत मदद मिलेगी।

## वेदांता एल्यूमीनियम ने युवा स्नातकों को सशक्त किया




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम ने अपनी प्रमुख कौशल विकास पहल प्रोजेक्ट सक्ष्यम के माध्यम से, स्थापित विश्व कौशल विकास केंद्र भुवनेश्वर में औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए झारसुगुड़ा और पड़ोसी शहरों और गांवों के आइटीआइ स्नातकों को सफलतापूर्वक समर्थन दिया है।

एक साल तक चलने वाले आवासीय कार्यक्रम, प्रोजेक्ट सक्ष्यम के माध्यम से, छात्रों ने मेकाट्रॉनिक्स, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल सेवाओं, ऊर्ध्वाधर परिवहन और विद्युत प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न व्यवसायों के विशेषज्ञों से उन्नत शिक्षा प्राप्त की है। कार्यक्रम के सफल समापन के साथ, वेदांता ने उन छात्रों को सम्मानित किया, जिन्होंने टाटा मोटर्स, जॉनसन लिफ्ट्स और एस्केलेटर्स सहित प्रमुख संगठनों में जगह पाने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इस पहल के बारे में बोलते हुए वेदांत एल्युमीनियम के मुख्य परिचालन अधिकारी, सुनील गुप्ता ने कहा कि प्रोजेक्ट सक्ष्यम अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमें अपने स्नातकों पर बेहद गर्व है, जिनकी उल्लेखनीय उपलब्धियां उनकी कड़ी मेहनत और क्षमता का प्रमाण हैं। हम उन समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां हम काम करते हैं। उन्हें विपणन योग्य कौशल के साथ सशक्त बनाकर और निरंतर सीखने की संस्कृति विकसित करके, हम न केवल उनके भविष्य को सुरक्षित करने में मदद करते हैं बल्कि देश के दूरदराज के इलाकों को सामाजिक-आर्थिक मुख्यधारा में भी लाते हैं।

## डेराबिश ब्लॉक सीडीपीओ को हटाया गया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** केंद्रापड़ा जिले के डेराबिश ब्लॉक अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) स्नेहलता साहू के कार्यालय में कार्यरत क्लर्क बर्षा प्रियदर्शनी महापात्र के 7 महीने के गर्भपात घटना की स्वतंत्र जांच के लिए सीडीपीओ स्नेहलता साहू को ब्लॉक कार्यालय से हटा दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट को निष्पक्ष और त्वरित जांच करने का निर्देश दिया गया है।

## क्योंझर में मेगा स्टील प्लांट स्थापित किया जायेगा : सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** क्योंझर में मेगा स्टील प्लांट स्थापित किया जायेगा। यह बड़ी जानकारी मुख्यमंत्री मोहन माझी ने अपने क्योंझर दौरे के दौरान दी। जेएसडब्ल्यू ओर पॉस्को इस स्टील प्लांट को क्योंझर में स्थापित करेंगे। पॉस्को द्वारा जेएसडब्ल्यू के साथ एमओयू साइन करने का खूब चर्चा हो रही थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली और मुंबई में मेक-इन ओडिशा रोड शो के दौरान उन्होंने इस संबंध में बात की थी। वहां मैंने जेएसडब्ल्यू और पोस्को दोनों के साथ चर्चा हुई। इसमें उन्होंने एक-दूसरे के साथ एमओयू भी साइन किया है। उन्होंने उल्लेख किया है कि वे क्योंझर जिले में संयंत्र लगायेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन माझी ने बताया कि यहां स्टील प्लांट जरूर बनेगा।

## आइएमएस और सम अस्पताल में बाल रुमेटोलॉजी पर सम्मेलन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** देश भर से 300 प्रतिनिधियों ने बाल चिकित्सा रुमेटोलॉजी (एनसीपीआर-2024) पर तीन दिवसीय 22वें राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया, जो 27 अक्टूबर को यहां इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और सम अस्पताल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में जर्मनी के दो विशेषज्ञ डॉ डिर्क फोएल और डॉ एन धन्यलक्ष्मी इसमें शामिल हुईं और ऑटो-इनफ्लेमेटरी बीमारियों और आनुवंशिकी के बारे में अपना अनुभव बताया। एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ स्वयं सिद्ध मंगराज और डॉ मनोरंजन त्रिपाठी ने पीडियाट्रिक ऑस्टियोपोरोसिस के मुद्दे पर बात की।

आइएमएस और सम अस्पताल के डीन प्रो (डॉ) संघमित्रा मिश्र, चिकित्सा अधीक्षक प्रो (डॉ) पुष्पराज सामंतसिंहार, बाल रोग विभाग के प्रमुख प्रो (डॉ) ममता देवी महांति और पाठ्यक्रम निदेशक प्रो (डॉ) मृत्युंजय दास उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए।























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**